CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम: 11° C

मुरादाबाद, बुधवार 18 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2




पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स



रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय



तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले: भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

मुंबई, वार्ता

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



- **दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया**
- **मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत**

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए**
- **जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार**

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है। इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

- **उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका**

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।



- **कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला**
- **हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की**

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।

- **पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला**
- **ईरान सरकार बोली: जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं**



**नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।**

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

- **53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल**

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपाहियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देबी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

# यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

## विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

### सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिताजनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

## चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी घ1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

# चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष..

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

CMYK

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



पहला रोजा वक्त सहरी 19 फरवरी सुबह 5:27

# बढ़ापुर में दम्पत्ति की मौत

## प्राइवेट बस ने दो बाइकों में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** नगीना रूट पर चलने वाली प्राइवेट बस के चालक ने दो अलग-अलग बाइकों में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला नौमी निवासी शमीम अहमद (60 वर्ष) पुत्र अल्लादिया अपनी पत्नी रशीदा (55 वर्ष) के साथ आज शाम नगीना से बाइक द्वारा वापस बढ़ापुर लौट रहे थे। वहीं नौमी वाल्मीकि बस्ती निवासी कमल कुमार पुत्र शिवचरण



नगीना से एक बैंक से ड्यूटी कर बढ़ापुर वापस लौट रहे थे। बढ़ापुर-नगीना रूट पर चलने वाली प्राइवेट बस संख्या यूपी 20 एटी 3546 सवारियों को लेकर नगीना जा रही थी। ऊनी नदी के निकट धर्म कांटे के सामने बस चालक ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक पर सवार शमीम अहमद व उनकी पत्नी रशीदा और दूसरी बाइक पर सवार कमल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नगीना भिजवाया। चिकित्सक ने शमीम अहमद को मृत घोषित कर दिया और उनकी पत्नी रशीदा को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में रशीदा की भी मौत हो गई। कमल कुमार नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बस को कब्जे में ले लिया गया है और बस चालक फरार है।

## एक नजर

### विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**नूरपुर।** जेईई परीक्षा 2026 में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय का परचम लहरा दिया। जतिन प्रकाश 96 परसेंटाइल, प्रभाकर सिंह 90 परसेंटाइल और रिया सैनी ने 84.4 परसेंटाइल के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। टाइम टेबल के साथ पढाई और सही दिशा में मेहनत ने बच्चों को सफलता का रास्ता दिखाया। प्रभाकर सिंह और रिया सैनी कक्षा पांच से और जतिन प्रकाश कक्षा छह से गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। तीनों ही विद्यार्थी सफल इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि बिना राह से भटके सही दिशा में मेहनत की और मार्गदर्शन हो तो सफलता मिलनी तय है। प्रबंधक मंदीप सिंह ने बधाई देते हुए कहा बड़ी परीक्षा में सफलता अथक प्रयास और मार्गदर्शन से ही मिलती है।

### पेड़ गिरने से मौत



**नजीबाबाद।** बाइक सवार झालू निवासी अनस खान नगीना की तरफ से आ रहा था। जैसे ही वह नहर पार पहुंचा, तो उसके ऊपर आम का पेड़ अचानक से गिर गया। पेड़ काफी पुराना था। राहगीरों ने बड़ी मुश्किल से उसको पेड़ के नीचे से निकाला। मौहल्लेवालों ने कई बार वन विभाग से पेड़ को काटने के लिए कहा था। लेकिन पेड़ को नहीं काटा गया था। पेड़ के गिर जाने से दोनों तरफ सड़क पर जाम लग गया। गंभीर रूप से घायल हुए लड़के का नाम अनस खान (20 वर्ष) निवासी झालू बताया जा रहा है। अनस खान की उपचार के लिए ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। दूसरे लड़के का नाम शिवा (12 वर्ष) बताया जा रहा है। वह खड़ियापुर का रहने वाला है।

### नग्न अवस्था में युवक का ड्रामा

**नजीबाबाद।** मंडी समिति के पास कोटद्वार जाने वाली टैक्सी के ऊपर खड़े होकर युवक ने नग्न अवस्था में हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वहां पर मौजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा उसकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। फाटक नंबर तीन और समीपुर गंग नहर चौकी पर भी उस युवक द्वारा हाई वोल्टेज ड्रामा किया गया। बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था।

### बाइक चोर मनोज अरेस्ट

**बिजनौर।** आवास विकास कॉलोनी के समीप स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी रवि कुमार पुत्र विपिन कुमार ने कल शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि शक्ति चौक के समीप से उसकी बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने रामलीला ग्राउण्ड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी मनोज पुत्र राजेन्द्र वर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। मनोज वर्मा हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसका लम्बा आपराधिक इतिहास है।

### आज से होंगी तराबीह

**बिजनौर।** आज रमजान का चांद दिखाई नहीं दिया। बल्कि सऊदी अरब में आज रमजान का चांद दिखाई दिया है। जिसकी वजह से अब पहला रोजा 19 फरवरी का होगा। कल (आज) से तराबीह की नमाज पढ़ीं जाएंगी।

### समाजसेवी भस्मु प्रजापति का निधन



**धामपुर।** दक्ष प्रजापति (कुम्हार) महासभा धामपुर के संरक्षक एवं प्रजापति समाज के वरिष्ठ समाजसेवी भस्मु प्रजापति का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे धामपुर के मोहल्ला बाड़ान निवासी थे और लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए थे। दक्ष प्रजापति महासभा से जुड़े पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। महासभा के संरक्षक के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान की और युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

### सर्पमित्र ने रेस्क्यू किया 'साइलेंट किलर'



**नहटौर।** सलेमपुर गांव में किसान राजेंद्र सिंह जब अपने खेत की सिंचाई करने पहुंचा, तो ट्यूबवेल से पानी नहीं निकला। खराबी का पता लगाने के लिए किसान जैसे ही कुएं के अंदर उतरा और पाइप को खोलना शुरू किया, उसके होश उड़ गए। पाइप के अंदर एक काला चमकदार सांप बैठा हुआ था। जहरीले सांप को देखते ही किसान घबराकर तुरंत कुएं से बाहर निकला और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सांप की सूचना मिलते ही इलाके के प्रसिद्ध सर्प मित्र बी भास्कर को मौके पर बुलाया गया। भास्कर ने बिना समय गंवाए कुएं में उतरकर सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जब सांप को पाइप से बाहर निकाला गया, तो उसकी पहचान कॉमन करैत के रूप में हुई। कॉमन करैत को भारत का सबसे जहरीला सांप माना जाता है। इसके न्यूरोटॉक्सिक जहर की एक बूंद कई इंसानों की जान लेने के लिए काफी है। इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है क्योंकि यह अक्सर रात में काटता है और इसके दांत इतने छोटे होते हैं कि पीड़ित को पता भी नहीं चलता। रेस्क्यू का वीडियो वहां मौजूद ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह सर्प मित्र ने संकरी जगह और बेहद जोखिम भरे हालात में इस खतरनाक सांप को काबू में किया। रेस्क्यू के बाद बी भास्कर ने सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया, जिसके बाद किसान और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# सड़क निर्माण को लेकर हुए विवाद का नहीं हो सका निपटारा

## एसपी पूर्वी के कार्यालय में आयोजित वार्ता विफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सड़क विवाद को लेकर सर्राफा व्यापारी विनीत बंसल और चिकित्सक डॉ. एन.पी. सिंह के बीच शुरू हुआ विवाद 24 घंटे बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सका। मामले के समाधान के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कार्यालय पर दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता वार्ता कराई गई, लेकिन विनीत सर्राफ के उपस्थित न रहने के कारण वार्ता बेनतीजा रही।





बताया जा रहा है कि समझौता बैठक में विनीत पक्ष के दर्जनों लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन स्वयं विनीत बंसल किसी चिकित्सकीय जांच के सिलसिले में बिजनौर गए होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति के चलते वार्ता औपचारिकता तक सीमित रह गई और किसी ठोस समाधान पर सहमति नहीं बन पाई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की और मामले को बातचीत से सुलझाने पर जोर दिया। इधर, विवाद के विरोध स्वरूप सर्राफा बाजार दूसरे दिन भी बंद रहा, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। हालांकि नगर के अन्य बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे और वहां व्यापारिक गतिविधियां जारी रहीं। सर्राफा व्यापारियों में रोष का माहौल बना हुआ है और वे कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण को लेकर राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा मध्यस्थता कर मामले को शांत कराने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन फिलहाल कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।

प्रशासन की ओर से संकेत दिए गए हैं कि यदि आपसी बातचीत से मामला नहीं सुलझता है तो विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शहर में तनावपूर्ण शांति का माहौल बना हुआ है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### प्रेमी के घर युवती ने खाया जहर

**किरतपुर।** प्रेमी द्वारा प्रेमिका को शादी का झांसी देकर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमिका की माता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह बसी क्षेत्र के रहने वाली है जबकि उसकी पुत्री को किरतपुर के मौहल्ला निवासी एक युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था और रुपए पैसों की डिमांड भी करता था। यह सिलसिला लगभग 2 वर्ष से चल रहा था। गत सोमवार 16 जनवरी को रात्रि लगभग 8:00 बजे प्रेमी युवक ने उसकी पुत्री को मिलने के लिए बुलाया और जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा उसे शादी करने के लिए समझाया, मगर वह इंकार करने लगा। जिससे परेशान होकर युवती ने प्रेमी युवक के घर पर उसी की मौजूदगी में जहर खा लिया। युवती को नगर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां हालत सीरियस होने पर उसे बिजनौर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# सीएचसी में एमआर अभियान की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में को एमआर टीकाकरण व जागरुकता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एम आर टीकाकरण व जागरुकता अभियान की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अभियान के अंतर्गत कार्यकार्ताओं द्वारा एमआर संक्रमित रोगियों को घर घर जाकर सर्च किया जा रहा है साथ ही पांच वर्ष तक के बच्चों का खसरा रूबेला टीकाकरण भी किया जा रहा है। डॉ. विशाल दिवाकर ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।



उन्होंने खसरा रूबेला टीकाकरण के लिए सभी अभिभावकों से शत प्रतिशत टीकाकरण कर अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

बैठक में एसएमओ डॉ. जय नारायण सिंह, गाबी एजेंसी के प्रतिनिधि अमित कुमार, अमन बंसल, ब्लॉक प्रतिरक्षण मॉडल अधिकारी डॉ. गोपाल गुप्ता एवं समस्त सीसीएच उपस्थित रहे।

## कसीम अहमद बने बार एसो. के अध्यक्ष



**नजीबाबाद।** बार एसोसिएशन नजीबाबाद के चुनाव में कसीम अहमद ने धीरेंद्र सिंह को 58 वोटों से हराकर दूसरी बार अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। जबकि उपाध्यक्ष पद पर पंकज विश्नोई ने 27 मतों से जीत दर्ज कराई। पूजा बार हाल में चुनाव अधिकारी शमीम अहमद की देखरेख में नजीबाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ। कुल 333 मतदाताओं में से 326 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। अध्यक्ष पद के लिए कसीम अहमद को कुल 192 वोट मिले, जबकि धीरेंद्र सिंह को मात्र 134 वोट हांसिल हुए। उपाध्यक्ष पद पर पंकज विश्नोई ने गौरव अग्रवाल को 27 वोटों से हराया। नदीम अहमद उदयवीर यादव को 18 वोटों से हराकर सचिव बने। सह सचिव पद पर अजय सौदाई, 12-12 सदस्य निर्विरोध चुने गये हैं।

## मंगनी कर ठगे जेवर व नगदी

**नगीना।** मंगनी के बाद लड़की पक्ष द्वारा प्रॉपर्टी के कारोबार में पैसा लगाने के नाम पर बड़ी रकम ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई तहरीर में मोहल्ला काजी सराय निवासी मौ. नदीम पुत्र मौ. हनीफ ने बताया कि उसकी मंगनी हनीफ की बेटी अमरीन के साथ 5 अप्रैल 2024 को हुई, जिसमें उसने तीन तोले सोना व चांदी के जेवर अमरीन को जेवर के रुप में दे दिये थे। मंगनी के बाद अमरीन के भाई आमिर, भाभी शिफा व आमिर के पिता हनीफ ने पीड़ित नदीम से कहा कि वे अपना सारा पैसा प्रोपर्टी खरीदने में लगा रहें है। उन्होंने नदीम को भरोसे में लेने के लिए उससे कहा कि चूंकि अब वे आपस में रिश्तेदार हो गये हैं। इसलिए वह भी पार्टनर हो जाए और जो भी मुनाफा होगा वे आपस में बांट लेगें। नदीम ने आरोपियों की बात पर विश्वास करते हुऐ प्रोपर्टी खरीदने के लिए 9,38000 रुपये आमिर व शिपा के अकाउन्ट में अलग-अलग तारीखों को ट्रांसफर कर दिए व 15 लाख रुपये नकद दे दिये। इस दौरान नदीम ने अपने दोस्त से भी 5,50000 रुपये आमिर व शिफा के अकाउन्ट में ट्रांसफर करा दिये। काफी वक्त बीत जाने पर जब आरोपियों ने नदीम को न तो कोई प्रापर्टी दिलायी और न ही कोई बैनामा कराया तो नदीम ने अपने पैसे वापस मांगे जिस पर आरोपियों ने नदीम को पैसे वापस करने से मना कर दिया और कहा कि उन्हें प्रोपर्टी के काम में नुकसान हो गया। नदीम को जब ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाना नगीना पर पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की, जिस पर थाना नगीना पुलिस ने आमिर, शिफा और हनीफ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# दहेज मुक्त अभियान को मिला बल

## सपा नगर अध्यक्ष की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में चलाए जा रहे दहेज मुक्त अभियान के पैगाम को बड़ा बल मिला। सपा के नगर अध्यक्ष के पुत्र का सुन्नत के मुताबिक सादगी से निकाह मिसाल बन गया है।

समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष शेख इरशाद हुसैन ने अपने बेटे मौहम्मद दानिश का निकाह पूरी सादगी और सुन्नत के अनुसार कराया। निकाह में गैर इस्लामिक रस्मों रिवाज के बिना समाज में सादगी से दुल्हन को अपनाने का खूबसूरत संदेश गया। निकाह की



सादगी और सुन्नत के मुताबिक किए गए इस नेक कार्य की सराहना करते हुए नगर में दहेज मुक्त अभियान चला रहे समाजसेवी फहीम अहमद ने दूल्हे मौहम्मद दानिश और उनके पिता शेख इरशाद हुसैन को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष ने अपने बेटे का निकाह जिस सादगी और सुन्नत के मुताबिक कराया है, वह पूरे समाज के लिए एक बेहतरीन मिसाल है और इससे दहेज मुक्त निकाह को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील, पत्रकार अमानत हुसैन सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने निकाह की सादगी और सुन्नत के मुताबिक किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने और सादगी भरे निकाह को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य और खुशहाल जिंदगी के लिए दुआएं दीं तथा समाज में सादगी और दहेज मुक्त निकाह को अपनाने की अपील की। नगर में इस सादगी भरे निकाह की चर्चा चारों ओर हो रही है और लोग इसे एक आदर्श पहल के रूप में देख रहे हैं।

## एक नजर

### चर्च में हाथियों ने मचाया आतंक



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से निकल कर दो हाथी भिक्कावाला चर्च में घुस गए। दोनों हाथियों ने चर्च की दीवारों को तहस-नहस कर डाला। आम के कई पेड़ों की डालियों को तोड़ डाला। लीची के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया। रात को दस बजे घुसे हाथी सुबह लगभग तीन बजे तक चर्च में उत्पात मचाते रहे। दोनों हाथी चर्च से निकलकर कालागढ़ में इधर-उधर टहलते रहे। चर्च के फादर फिलिप जॉर्ज ने बताया कि हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया। वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का मौका मुआवना किया। अधिकारियों ने चर्च में हुए नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अधिकारी व कर्मचारी हाथी, टाइगर व अन्य जानवरों को रोकने में असमर्थ साबित हुए हैं।

### यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन



**बिजनौर।** पीपल्स यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव धीमान के नेतृत्व में प्रदर्शन कर यूजीसी के समर्थन में जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। गौरव धीमान ने कहा कि पीपल्स यूथ फ्रंट सभी नागरिकों के संवैधानिक हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत है। प्रदर्शन में भीम सैन, मांगेराम सैनी, कामरेड शमशाद, अर्चना धीमान, शशिकला गौतम, कांव्याश धीमान, रामकुमार सिंह, रामकिशन शर्मा, अनिल शर्मा, सोमपाल सैनी, राज पाल सैनी, रिजवान मलिक, राजीव धीमान, योगेन्द्र सैनी, मौहम्मद नबील, मोहित पाल, अंकित पाल, अरविन्द, मौहम्मद सलीम, सहदेव आदि शामिल थे।

### मंदिर में विशाल भंडारा



**नजीबाबाद।** अग्रवाल धर्मशाला में एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति द्वारा सिद्धिविनायक मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई थी। भंडारे से पूर्व सुबह भगवान श्री गणेश का अभिषेक किया गया। पंडित जितेंद्र डबराल व संजय डबराल द्वारा पूजा अर्चना और हवन किया गया। इस दौरान गणेश चौथ महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, मंत्री रविंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. राजीव अरोड़ा, उपाध्यक्ष संदीप तायल, लोकेश अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, राहुल वर्मा, नितेश सिंघल, अर्जुन अग्रवाल, माधव डेजी महेश्वरी, अरुण पाटिल आदि मौजूद थे।

### बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल





**बिजनौर।** विवेक विवविद्यालय का बी.फार्मा कोर्स के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। जिसमें बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आयशा ने 10 एसजीपीए में से 9.45 एसजीपीए के साथ प्रथम, अलीशा अंसारी ने 9.10 एसजीपीए के साथ द्वितीय व प्राची राठी ने 8.90 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अरूशा खान एवं इल्मा जुविहा ने 8.83 एसजीपीए के साथ संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय में निरन्तर कक्षाओं का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ताओं द्वारा किया जाता है। विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. नरेश गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी व उनके उच्चवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. सौरभ शर्मा ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि संस्थान में 44 छात्र/छात्राओं ने 7.5 से अधिक एसजीपीए प्राप्त किया है और बताया कि स्कूल ऑफ फार्मेसी निरंतर विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यक्तित्व विकास के लिये कार्यरत है।

### टाइगर दिखाई देने से दहशत

**कालागढ़।** कॉर्बेट रिजर्व से निकल कर आए टाइगर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। बीती रात एक व्यक्ति ने टाइगर देखा और इसकी सूचना साथियों को दी। बड़ी संख्या में लोगों ने टाइगर को देखा। टाइगर की चहल-कदमी से लोगों में दहशत का माहौल पनपा हुआ है।

### बीएलओ की लापरवाही उजागर

**कालागढ़।** एसआईआर की अंतिम तिथि समीप आने के बावजूद बीएलओ वोटर का वोट बनाने को लेकर गंभीर नहीं है। ग्राम में बीएलओ नहीं आ रहे हैं। किसी को नाम में संशोधन करना हो या अपना नया फॉर्म भरना हो, तो वह परेशान है। खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ने बताया कि छह मार्च तक मतदाता अपना वोट क्षेत्रीय बीएलओ से सम्पर्क कर बनवा सकते है।

### बसों से गांजे की तस्करी

**कालागढ़।** नशे के सौदागरों के खिलाफ कोई अभियान न चलाए जाने के कारण उनके हौंसले बुलंद है। तस्कर निगम की बसों से गांजे की तस्करी कर रहे है। जिससे पुलिस अंजान है। हालात यह है कि बड़े पैमाने पर गांजे की सप्लाई उत्तराखंड से परिवहन निगम की बसों के चालक-परिचालक कर रहे है। बसों के चालकों व परिचालकों ने क्षेत्र के कुछ नशेड़ी युवकों से सैटिंग कर रखी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### कुएं में गिरा गुलदार रेस्क्यू



**हल्दौर।** गांव तोहफापुर निवासी किसान वीरेंद्र सिंह उर्फ कल्लन सुबह अपने खेत पर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें कुएं की ओर से गुर्राने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि एक गुलदार कुएं में गिरा हुआ है। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल वन विभाग को जानकारी दी गई। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करते हुए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने पिंजरा लगाकर गुलदार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद उसे पिंजरे में कैद कर अपने साथ ले जाया गया। गुलदार के खेतों के समीप दिखाई देने और कुएं में गिरने की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को देने की अपील की है।

### आग लगने से नकदी व सामान जला



**नहटौर।** ग्राम चक गोवर्धन निवासी सुनीता देवी के घर में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पूजा का दीया जलाया गया था। बताया जा रहा है कि एक चूहे ने दीये को नीचे गिरा दिया, जिससे पास रखे कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़िता सुनीता देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी के रिश्ते के लिए 50,000 रुपए उधार लिए थे, जो घर में रखे थे और पूरी तरह जल गए। नकदी के अलावा, कीमती कपड़े, बिस्तर, घरेलू बर्तन, महत्वपूर्ण दस्तावेज और उनके बेटे की क्रिकेट किट भी आग की भेंट चढ़ गए। आग की लपटें उठती देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर का अधिकांश कीमती सामान जल चुका था। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है, ताकि वे अपने जीवन को फिर से पटरी पर ला सकें।

### भाकियू टिकैत का शुगर मिल पर धरना



**चांदपुर।** वेव शुगर मिल पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह धरना मिल गेट पर तालाबंदी के साथ आरंभ हुआ। संगठन का आरोप है कि मिल प्रबंधन 'अर्ली पर्ची' को 'सामान्य पर्ची' में बदल रहा है। इससे पूर्व भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, नगर अध्यक्ष बब्बू शेख और तहसील महासचिव राजीव कुमार ने शुगर मिल के महाप्रबंधक से मुलाकात कर वार्ता की थी। इस वार्ता का मुख्य बिंदु 'अर्ली पर्ची' को सामान्य पर्ची में बदलने का आरोप था। वार्ता के दौरान तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने जीएम से सर्वे रिपोर्ट दिखाने की मांग की। आरोप है कि महाप्रबंधक ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसके बाद, किसान नेताओं ने मिल गेट पर तालाबंदी कर अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह, चौधरी रोहतास सिंह, चौधरी राजीव सिंह, अजीत सिंह, अनीस अहमद, राजीव कुमार, सुखके सिंह, प्रदुमन प्रधान, प्रीतम सिंह, देवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, निशांत कुमार, आर्यन, ध्रुव सिंह, वंश सैनी, जीशान अहमद, अर्श मलिक और चौधरी रामपाल सिंह सहित कई अन्य सदस्य एवं किसान मौजूद हैं।

### आरवीआईटी में कांफ्रेंस का आयोजन




**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टट्रीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एडवांस रिसर्च इन सांइस, टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट पर एक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डा. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. जेपी पाण्डेय रहे। कांफ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी दिल्ली के प्रो. दीपक कुमार और रेल मंत्रालय के रणनीति, योजना और अनुबंध प्रबंधन योजनाकार मंयक कुमार गोयल जी रहे। कांफ्रेंस का शुभारम्भ सरस्वती मॉ के चरणों में दीप प्रज्जलित कर किया गया। तत्पश्चात कांफ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन किया गया। कांफ्रेंस का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में सांईस, टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट के अनुरूप नई-नई तकीनकियों के बारे में सिखाना है। मुख्य वक्ता प्रो. दीपक कुमार ने अपने व्याखान में इलैक्ट्रीक व्हीकल से जुडी जानकारी साझा की। उन्होंने इलैक्ट्रीक व्हीकल व आईसीई (Internal Combustion engine) आंत. रकि दहन इंजन के अंतर के बारे में बताया। इलैक्ट्रीक व्हीकल बैटरी से चलते है और आईसीई इंजन पैट्रोल/डीजल से चलते है। उन्होंने इलैक्ट्रीक व्हीकल में उपयोग होने वाली बैट्रीज के बारे में गहनता में छात्रें से जानकारी साझा की और विभिन्न तरह की बैट्रीज जैसे लिथियम, सिलिकॉन के बारे बताया। इनके बनने, चार्ज व डिस्चार्ज होन की प्रक्रिया के बारे अवगत कराया। दूसरे मुख्य वक्ता मंयक कुमार गोयल ने प्रोजेक्ट प्लानिंग के बारे बताते हुए कहा कि अपने प्रोजेक्ट को बनाने के लिए इस तरह से प्लानिंग करनी चाहिए कि प्रोजेक्ट कम कोश्ट में अच्छा आउटपुट दें। कांफ्रेंस में लगभग आर.वी. इंस्ट्टीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी व विभिन्न संस्थानों से 50 से ज्यादा शोध पेपर प्रस्तुत किये गये और लगभग 300 से ज्यादा अध्यापकगण व छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्थान के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में पहली इलेक्ट्रिक मोटर बनाने वाले वैज्ञानिक माइकल फैराडे के बारे में जानकारी देते हुए सभी छात्र/छात्राओं का शुभकामनाएं दी। फार्मेसी पाठयक्रम के निदेषक डा. हितेश कुमार ने सांईस टेक्नोलॉजी व मैनेजमेंट का अर्थ समझाते हुए छात्र/छात्राओं को नई-नई तकनीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।अन्त में डा. जिशान अहमद द्वारा सभी को धान्यवाद दिया गया। कक्र्फेंस को स्फल बनाने में कन्वेनर डा. सय्यद ततहीर अब्बास नकवी और सभी विभागाध्यक्ष व अध्यापक गण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चोरी के माल सहित तीन चोर गिरफ्तार

### हल्दौर व चांदपुर क्षेत्रों में भी की थी चोरियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने चोरी किए गए सामान सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन्हीं शातिर चोरों की निशानदेही पर चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा पुलिस ने आदिल पुत्र शौकीन निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली थाना चांदपुर, रोहताश पुत्र स्व. रमेश सिंह निवासी ग्राम पाइंदापुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम मुकरपुर गुर्जर थाना हीमपुर दीपा और वाजिद पुत्र कसीमुद्दीन निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली थाना चांदपुर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि इन शातिर चोरों के कब्जे से हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से चोरी दो बैटरी, चांदपुर व हल्दौर थाना क्षेत्रों में ई-रिक्शा यूपी 20 बीटी 9119 व यूपी 20 सीटी 0387 से चोरी की गई 8 बैटरियों सहित उक्त घटनाओं में प्रयोग की गई पल्सर बाइक को भी बरामद किया है। अभियुक्त आदिल ने बताया कि उन्होंने अपने साथी हाशिम उर्फ कट्टो पुत्र इरशाद निवासी रवाना थाना चांदपुर के साथ मिलकर डेढ़ माह पूर्व जैनुल आवदीपुर थाना हल्दौर से एक रिक्शा तो मौहल्ला चिम्मन थाना चांदपुर से एक रिक्शा को चोरी किया था, जिसे हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर खादर में जंगल की झाड़ियों में छिपाकर उसकी बैट्रियों को ग्राम जलीलपुर में वाजिद पुत्र कसीमुद्दीन निवासी सब्दलपुर तेली की कबाड़ की दुकान पर बेच दिया था। इसके अलावा ग्राम हरिनगर व हीमपुर दीपा में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टरों से बैट्रे चोरी की बात भी आरोपियों ने स्वीकार की है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी किया माल भी बरामद कर लिया है। इस गैंग का मास्टरमाइंड हाशिम उर्फ कट्टो पुत्र इरशाद निवासी ग्राम रवाना व गौतम पुत्र कारण सिंह निवासी ग्राम नारनौर थाना चांदपुर अभी फरार है, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने जगह जगह जाल बिछाये हुए है।



# कॉलेज की भूमि बरसों बाद अतिक्रमण मुक्त

### लम्बी चली न्यायिक लड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज की भूमि को कब्जामुक्त करा दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज तहसीलदार धनराज सिंह राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस बल लेकर जैसे ही बुलडोजर के साथ कालागढ़ मार्ग पर राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज की भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंचे, तो कब्जाधारियों में भगदड़ मच गई। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज की पश्चिम की ओर खाली पड़ी सरकारी भी भूमि पर शमीम अंसारी, कमालुद्दीन, रियासत, लाला अल्ताफ, कफील, तौकिर, शाहिद आदि ने लगभग 64 बरसों से कब्जा कर रखा था। भूमि को लेकर न्यायालय में वाद चल रहा था। लंबी लड़ाई के बाद सिविल जज नगीना द्वारा स्कूल प्रशासन के पक्ष में निर्णय दे दिया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार और उप प्रधानाचार्य नितिन कुमार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। दोनों ने अपनी नौकरी और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना लगातार संघर्ष किया। उनके ऊपर दबाव, धमकियां और भ्रष्ट अधिकारियों की ओर से नौकरी से हटाने को लेकर भी प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वरिष्ठ समाजसेवी हाजी मौहम्मद रिजवान कुरैशी और नगर की जनता के सहयोग से तीन वर्षों से तेजी से कानूनी लड़ाई लड़ी गई, जिसका परिणाम सामने आया है। कब्जेदारों ने स्कूल की जमीन पर पक्के-कच्चे निर्माण कर लिए थे। कब्जा हटाने के न्यायालय के आदेश के बावजूद कुछ अधिकारियों व राजस्व कर्मियों ने कब्जाधारकों को सहयोग करते हुए पूरा मौका दिया था। न्यायालय के आदेश के कई माह बाद तहसीलदार धनराज सिंह व नायब तहसीलदार अफजलगढ़ कपिल कुमार आजाद की टीम ने लेखपाल प्रमोद कुमार, गौरव कुमार, योगेंद्र सिंह आदि तथा नोडल अधिकारी नितिन चौहान, अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह, थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह आदि के साथ मिल कर जेसीबी से अवैध कब्जों को ध्वस्त करा दिया।



# फायरिंग करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

### एक आरोपी का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** शादी समारोह में मारपीट और फायरिंग के मामले ने पुलिस ने दो नामजद सहित कई अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले ने पुलिस ने एक नामजद आरोपी का चालान कर दिया। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

नांगल थाना अंतर्गत गांव तिसोतरा निवासी कौशल कुमार ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव चंदोक निवासी उसकी साली की शादी महंसापुर स्थित व्हाइट पैलेस में थी। वह शादी समारोह में शामिल होने परिवार सहित आया था। बारात की चढ़त के बाद अजीत, शगुन पुत्रगण भूपेंद्र सिंह निवासी रसूलपुर आबाद थाना हल्दौर और कुछ अन्य युवक गाने को लेकर डीजे स्वामी और चंदोक निवासी मोहित और रामकुमार के साथ गाली गलौच के बाद मारपीट करने लगे। इसी दौरान वह उपद्रव कर रहे युवकों को समझाने लगा, तभी अजीत ने अपने भाई शगुन से तमंचा लेकर उसके ऊपर जान से मारने की नीयत फायर कर दिया। फायर आवाज से शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। इसी दौरान सभी आरोपी मौके से फायर करते हुए फरार हो गए, एक आरोपी शगुन को भीड़ ने पकड़ लिया। पुलिस ने अजीत और उसके भाई शगुन और कई अन्य के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर की है।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शगुन का चालान किया जा रहा है, शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# जरूरतमंदों को रमजान राशन किट वितरित

### मरकज तंजीम दावतुस्सिदक और पयाम ए इंसानियत ने किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र माह रमजान की आमद से पहले नगर में इंसानियत और भाईचारे की एक बार फिर शानदार मिसाल कायम हुई है।

मरकज तंजीम दावतुस्सिदक व पयाम ए इंसानियत के बैनर तले 1100 जरूरतमंद परिवारों को रमजान राशन किट वितरित किए जाने का ऐलान किया गया है। इस सेवा अभियान की कमान पिछले 15 वर्षों से समाजसेवी व धर्मगुरु मौलाना अरशद हक्की संभालते आ रहे हैं, जिनकी अगुवाई में यह कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। मक्का मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।



शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने इस पहल को रमजान की असली रूह बताते हुए कहा कि रोजा केवल इबादत का नाम नहीं बल्कि जरूरतमंदों की मदद और समाज में हमदर्दी फैलाने का पैगाम भी है। उन्होंने मौलाना अरशद हक्की की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से सैकड़ों परिवारों के घरों में खुशियां पहुंच रही हैं।

मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि उनका मकसद है कि रमजान के मुकद्दस महीने में कोई भी घर खाली चूल्हे के साथ रोजा न रखे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राशन किट में आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल की गई है ताकि जरूरतमंद परिवार पूरे महीने सुकून और सम्मान के साथ इबादत कर सकें। उन्होंने समाज के संपन्न लोगों से भी अपील की कि वे इस नेक मिशन में बढ़-चढ़कर सहयोग करें ताकि खिदमत का यह सिलसिला और अधिक व्यापक हो सके।

कार्यक्रम में कारी रिजवान, दानिश वारसी, हाफिज नफीस सहित कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### सपा नेता नजीबुल हसन ने दिया एकता, शिक्षा और विकास का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की सामाजिक और राजनीतिक सरगर्मियों के बीच समाजवादी पार्टी के युवा चेहरों में तेजी से उभर रहे नजीबुल हसन ने एक बार फिर यह साबित करने का प्रयास किया है कि राजनीति केवल सत्ता तक पहुंचने का माध्यम नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त साधन भी है।

हाल ही में आयोजित एक जनसंवाद कार्यक्रम में नजीबुल हसन ने युवाओं, व्यापारियों, शिक्षकों और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करते हुए नगर के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्योहारा की असली ताकत यहां की एकता, आपसी भाईचारा और जागरूक नागरिक हैं। यदि सभी मिलकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार संभव है। नजीबुल हसन ने युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया की नकारात्मकता से दूर रहकर समाज निर्माण के कार्यों में भाग लें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को समझना ही असली नेतृत्व की पहली सीढ़ी है।

नजीबुल हसन ने यह भी आश्वासन दिया कि नगर की समस्याओं- जैसे टूटी सड़कों, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की आवाज को बुलंद करना ही एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है और वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका कहना था कि किसी भी नगर की असली पहचान वहां का सामाजिक वातावरण होता है और स्योहारा को एक आदर्श नगर बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। नगर के गणमान्य लोगों और युवाओं ने उनके विचारों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यदि इसी प्रकार जनसमस्याओं को प्राथमिकता दी जाती रही तो स्योहारा में सकारात्मक बदलाव की नई शुरुआत होगी। नजीबुल हसन ने सभी नगरवासियों से आह्वान किया कि वे जाति वर्ग और व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर विकास और भाईचारे की राह अपनाएं, क्योंकि संगठित समाज ही समृद्ध भविष्य की गारंटी होता है।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

पत्रांक: 33/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 16.01.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-130 मौहल्ला खत्रियान बी-12, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री ललित मोहन शर्मा पुत्र स्व. संतोष कुमार शर्मा का नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में श्री मनोज कुमार वर्मा पुत्र श्री प्रमोद कुमार वर्मा निवासी मौहल्ला खत्रियान बी-12, बिजनौर के द्वारा बैनामें की छायाप्रति व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

पत्रांक: 46/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 10.02.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-666 मौहल्ला चाहशीरी बी-24, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अब्दुल वाहिद पुत्र श्री अ. गफूर के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में आवेदकगण श्री मौ. फैसल व मौ. फैज नाबालिग संरक्षिका शबनम परवीन पत्नी फरीद अहमद निवासी मौ. चाहशीरी बी-24, बिजनौर के द्वारा बैनामें की छायाप्रति व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### झपट्टा मार मोबाइल छीनकर फरार

**नजीबाबाद।** ग्राम समसपुर निवासी परमवीर पुत्र करण सिंह ने थाना नहटौर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम मंडोरा से काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। जब वह ग्राम चक गोवर्धन स्थित अनवार के भट्टे के पास पहुंचा, तभी नहटौर की ओर से आ रही एक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने उसके साथ हाथ पर झपट्टा मारा। अचानक हुए हमले से वह संभल भी नहीं पाया और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया गया। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद आरोपी युवक नूरपुर की दिशा में तेजी से फरार हो गए। घटना से वह घबरा गया और बाद में थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। वारदात के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास के मार्गों और संभावित स्थानों की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

### सरकारी नौकरी में चयनित छात्र सम्मानित

**नजीबाबाद।** नाइस कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी चयनित छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। नजीबाबाद का यह कोचिंग सेंटर यहां लगभग तेरह वर्षों से लगातार सरकारी नौकरी के क्षेत्र में बच्चों को सफलता प्रदान करता रहा है। पूरनपुर गढ़ी निवासी यश बीएसएफ, गाजीपुर निवासी सुधांशु बीएसएफ, रानीपुर निवासी नितिन बीएसएफ, कमालपुर निवासी अक्षित सीआपीएफ एवं सीतावाली निवासी अमन को सीआरपीएफ में चयन होने पर परिवार वालों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू छजमलदास विद्या मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य केशव शर्मा रहे। उन्होंने चयनित छात्रों को मुबा. रकबाद देते हुए वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर अपना आशीर्वाद दिया।

### सज गई फैनी, पापों की दुकान

**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान का महीना शुरू होने को देखते हुए बाजारों में रमजान की सेहरी में इस्तेमाल होने वाले पापों, फैनी व खजले की दुकानें सज कर तैयार हो गई है। 19 फरवरी से रमजान का महीना शुरू होने तथा रमजान की पहली तराबीह व सेहरी कल 18 फरवरी को देखते हुए बाजारों में व्यापारियों ने मंगलवार से सेहरी में इस्तेमाल होने वाले बिस्कुट, पापे, फैनी, खजले की दुकानें लगा ली हैं। रमजान का महीना शुरू होने को देखते हुए बाजारों में रमजान की खरीदारी को लोगों की काफी भीड़ रही। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने बाजार पहुंचकर रमजान के सामान खासकर सेहरी में इस्तेमाल होने वाले पापे, फैनी, खजला, खारी आदि की खरीदारी की। जिससे बाजारों में काफी रौनक देखने को मिली। किराना की दुकानों पर रमजान की इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले रंग-बिरंगी विभिन्न प्रकार के चिप्स की दुकानें भी सज गई है।

### इम्पीरियल इंटरनेशनल में स्वास्थ्य शिविर

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में फ्री हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का आंकलन कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करना है, जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपनी शिक्षा को अच्छे आयाम पर पहुंचा सकें। साथ ही विद्यार्थियों के माता एवं पिता भी विद्यालय में निःशुल्क हैल्थ चैकअप करवा सकें। इस सुविधा को समय-समय पर विद्यालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के आधार पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता रहेगा, जिससे वह इस निःशुल्क सुविधा का लाभ एक स्थान पर ले सकें और अपना व अपने बच्चों को शारीरिक मूल्यांकन का सही एवं स्वास्थ्य निर्णय ले सकें। इस निःशुल्क हैल्थ चैकअप की विद्यालय प्रबंधन ने सराहना कर भविष्य में इसे जारी रखने की सलाह दी। साथ ही नजीबाबाद के लाइफ लाइन हॉस्पिटल से आये डॉक्टरों की टीम का विद्यालय प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया। यह कार्य समय-समय पर विद्यालय द्वारा करते रहने की बात कही गई।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार ग्रामीण की मौत

### पत्नी और भतीजा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-कोतवाली देहात मार्ग पर करीमपुर मोड़ के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। छोटा हाथी वाहन व स्कूटी और एक बाईक की भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी सवार ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा बाईक सवार भी घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम ढकौली निवासी यादराम अपनी पत्नी राजेश्वरी और भतीजे मोंटी के साथ स्कूटी पर सवार होकर शादी में जा रहे थे। जैसे ही उनकी स्कूटी करीमपुर मोड़ के पास पहुंचे। एक छोटा हाथी वाहन व स्कूटी और एक बाईक की भिड़ंत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक यादराम की मौत हो गई। राजेश्वरी (पत्नी) और मोंटी (भतीजा) घायल हो गए। इसके अलावा एक अन्य बाईक सवार गांव करीमपुर निवासी अमित कुमार घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया। रास्ते में यादराम की मौत हो गई।

हादसे की खबर जैसे ही गांव ढकौली पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपनी सगी बहनों व बहनोइयों जन्नती पत्नी अबरार, उम्मती पत्नी वासिद, शाहजहां उर्फ बीटी पत्नी शाहिद, नसरीन पत्नी फैजान द्वारा घरेलू मामलों में दखल देने से होने वाले घरेलू झगड़ों से तंग आकर इनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **खुर्शीद पुत्र अजीज ग्राम गोहावर जैत, थाना नूरपुर, बिजनौर**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. बिजनौर के यहां श्रीमती प्रिति पाल पत्नी मोहन पाल निवासी ग्राम मंझौला बिल्लौच, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने निर्मित मकान 223.19 वर्ग मी. जो खसरा नं. 374 ग्राम मंझौला बिल्लौच, परगना बुढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर में स्थित है के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति निम्न पते या सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. आरिफ जो आवारा किस्म का व्यक्ति है, जो हमारे साथ गाली-गलौच व मारपीट करता है, समझाने पर सुनवा नहीं है। मैंने तंग आकर उससे अपने सम्बंध समाप्त कर लिये है तथा तमाम चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का मौ. आरिफ से कोई संबंध वास्ता नहीं रहा है और न ही हमारी किसी चल व अचल सम्पत्ति में उसका कोई हक रहेगा। इसके किसी भी कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं।

**शमशाद पुत्र बुल्ला शाह निवासी मौ. इस्लामनगर, कस्बा व थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर।**

## एक नजर

### ब्लड सेंटर का शुभारंभ



**नगीना।** नगीना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नगर व आसपास के लोगों की रक्त संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गोयल आयुर्वेदिक औषधालय में नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर की स्थापना की गई, जिसका शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया, जिसमें 8 महिलाओं सहित कुल 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नगीना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. श्वेत कमल, मनमीत विश्नोई, शम्मी पाल, सलाउद्दीन सिद्दीकी, अमन जोशी, सचिन मित्तल, दीपक अरोड़ा व जतिन राजपूत ने बताया कि इस ब्लड सेंटर के खोलने का उद्देश्य क्षेत्र के पीड़ितों की सहायता करना तथा कम दामों पर ब्लड उपलब्ध कराना रहेगा। उन्होंने बताया कि ब्लड डोनर को यदि ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो उसे मिनिमम खर्च मात्र 1600/ रुपए में एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा तथा जो ब्लड डोनर नहीं होंगे या बदले में ब्लड उपलब्ध नहीं कराएंगे उन्हें एक यूनिट ब्लड 3500/- रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक मनोज पारस, चौधरी कुलवीर सिंह, रुद्राक्ष वशिष्ठ, विक्की जैन, मकसूद उस्मानी, डा. विमल चौहान, डा. आकाश अग्रवाल, अमित विश्नोई, पूर्व सांसद मुंशीराम, हर्षित निमिष, शेखर, प्रदीप गर्ग, पूनम अग्रवाल, अदिति गोयल, अनीता पोखरियाल, भगवती गोसाई, राहुल कुमार, हाजी फहीम अख्तर, सलमान खान, काशिफ खान, अजय सिंह, अजय जैन, आमोद शुक्ला सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं ब्लड लेने वाली टीम से डा. विजय यादव, डा. पंकज मेहरा, वरुण पोखरियाल, भास्कर सिंह, प्रदीप सिंह, विजय सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

### कृष्णा कालेज में क्विज प्रतियोगिता



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में देश-विदेश मे हो रही गतिविधियों पर आधारित प्रश्न पूछे गये। प्रतियोगिता में टीम डी की स्नेह शर्मा व निशा ने प्रथम स्थान तथा टीम ए की कीर्ति सिंह व सिमरन तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह व रसायन विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. पायल राठी ने छात्र/छात्राओं को विभिन्न राउंड के अनुसार नंबर दिए। प्रतियोगिता माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्षा डा.ज्योत्सना सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता रजविंदर कौर व इफरा परवीन ने अहम योगदान दिया।

### राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन




**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन दिवस का शुभारंभ मुख्य वक्ता डा. नृपेंद्र कुमार शर्मा, सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर (सेबी), मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, प्रो. मंजू अरोड़ा एवं समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। सर्वप्रथम उन्होंने छात्राओं को म्यूचुअल फंड और बचत से संबंधित डॉक्यूमेंट्री दर्शाई। इसके पश्चात उन्होंने छात्राओं को जीरो रिस्क मैनेजमेंट, स्मार्ट इनवेस्टमेंट, कंपाउंड इंटरेस्ट, बीमा आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर छात्राओं को वित्तीय बाजारों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में मुख्य वक्ता के द्वारा छात्राओं की करियर काउंसलिंग की गई, जिसमें उन्होंने छात्राओं को बताया कि वे कैसे सेबी में नौकरियां हासिल कर सकते हैं। कार्यशाला के अंत में छात्राओं से प्रश्न पूछे गए। अंत में समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल दो दिवसीय कार्यशाला की आख्या प्रस्तुत की तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष ऋतु सैनी ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डा. आबिदा, सरफराज, श्रीमती सीमाब, ऋतु सैनी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में श्रीमती मनीषा, श्रीमती प्रीति, मीनू, इंदु आदि उपस्थित रहे। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### हज यात्रियों को प्रशिक्षण व टीकाकरण



**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण आयोजित कैम्प में हज ट्रेनर फुरकान महमूद अंसारी ने हज पर जाने वाले आजमीनों को विस्तार से हज के अरकान समझाते हुए उनको अहराम बांधने का तरीका समझया। उन्होंने हज यात्रियों को शुरू से आखिर तक के रहने सहने व खान पीन आदि की जानकारी दी। वहीं हज ट्रेनर मौहम्मद शादाब ने हज आजम. ीनों को हज यात्रा कि जानकारी देते हुए कहा कि हज यात्री अपने साथ ज्यादा सामान न लेकर जाये और अपने साथियों के साथ रहे। इधर उधर न घूमकर केवल इबादत करें। कैम्प में लगभग 108 हज आजमीनों का टीकाकरण किया गया। अब्दुल गफ्फार ने तिलावते पाक व बयान से कैम्प की शुरुआत की। हज कैम्प में हज ट्रेनर मौहम्मद शादाब, रईस सैफी, डा. जमील एड, मौ. आसिफ, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, महफूज,अबरार अहमद, इकबाल अहमद, नईम अहमद, मुंशी इमामुद्दीन, मौहम्मद आरिफ, आलम अंसारी सहित आदि विद्यालय के स्टाफ व छात्र छात्राओं का सहयोग रहा। कैम्प की सदारत पूर्व प्रधानाचार्य इकबाल अंसारी व निजामत मौ. आलम अंसारी ने किया। वही चिकित्सक टीम में डा. शाकिर, शबनम, मंजू वर्मा एएनएम, तसलीम अहमद आ.मित्र, रति महेश्वरी, नसीम अहमद आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों पर दबाव बनाने का मामला गरमाया

# ब्लॉक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर-धामपुर क्षेत्र में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों पर बाहरी दबाव बनाए जाने के आरोपों को लेकर ग्राम प्रधान संघ ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ की ओर से ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि आगामी चुनावों के मद्देनजर गांवों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कुछ व्यक्ति एवं संगठन ग्राम पंचायतों पर निजी हितों के लिए अनुचित दबाव बना रहे हैं। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि कई बार



बिना किसी जांच के शिकायतें दर्ज कराने की धमकी दी जाती है, जिससे पंचायत स्तर पर कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि पंचायतों द्वारा विकास कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जा रहे हैं और उनकी निगरानी संबंधित विभागों द्वारा होती है। इसके बावजूद अनावश्यक हस्तक्षेप से ग्राम प्रधानों की कार्यशैली प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि किसी भी शिकायत पर कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा ग्राम प्रधानों और सचिवों को बेवजह प्रताड़ित न किया जाए। साथ ही दबाव बनाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। ग्राम प्रधान संघ ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की परिस्थितियां बनी रहीं, तो वे मजबूर होकर सामूहिक आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे।

प्रशासन से ग्रामीण विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षित एवं स्वतंत्र वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की गई है।

## आभा फाउंडेशन 500 छात्राओं को देगी साइकिलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा छात्राओं के लिए आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम की तारीख में बदलाव किया गया है। यह कार्यक्रम, जो पहले 10 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित था, अब 16 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत वितरित की जाने वाली साइकिलों की संख्या भी 250 से बढ़ाकर 500 कर दी गई है।

इच्छुक छात्राएं फादरसन पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आवेदन पत्र भर सकती हैं। आवेदन केवल वही छात्राएं कर सकेंगी जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

आवेदन के समय छात्राओं को कुछ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। इनमें आधार कार्ड, कक्षा 10वीं या 12वीं की मार्कशीट और विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रमाण पत्र में यह प्रमाणित होना चाहिए कि छात्रा ने सत्र 2024-25 में



**अब 16 मार्च को होगा आयोजन**

निर्धारित अनुक्रमांक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।

यह योजना केवल उत्तर प्रदेश बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं के लिए लागू होगी। साइकिलों का वितरण छात्राओं की रैंक के आधार पर किया जाएगा। आभा फाउंडेशन का लक्ष्य योग्य और मेधावी छात्राओं को आगे की पढ़ाई में सुविधा प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## बकाया विद्युत बिल समय से जमा करें उपभोक्ता: एसडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी एसडीओ जीडी प्रजापति ने क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, वे शीघ्र ही अपना बिल जमा कर दें। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बकाया राशि समय पर जमा न करने की स्थिति में नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभिन्न राहत योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बकाया उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। इन योजनाओं के तहत सरचार्ज में छूट एवं किस्तों में भुगतान जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं ताकि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और वे आसानी से अपना बकाया निपटा सकें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से



**योजनाओं का लाभ उठाने की अपील**

अनुरोध किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत विद्युत कार्यालय अथवा विभागीय हेल्पलाइन से ही सही जानकारी प्राप्त करें। साथ ही यह भी कहा कि समय से बिल जमा करने से न केवल अनावश्यक परेशानी से बचा जा सकता है, बल्कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा सकती है।

# स्योहारा में सूखे कूड़े से बन रही बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छता व व्यवस्था को मजबूत करते हुए संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है।

नगर से डोर-टू-डोर उठाए जा रहे गीले और सूखे कूड़े का पृथक्करण (सेग्रिगेशन) किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत सूखे कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर उससे बिजली तैयार की जा रही है। यह प्लांट नगर पालिका द्वारा स्थापित कराया गया है। व्यवस्था लागू होने के बाद पालिका के बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। पहले जहां नगर पालिका का मासिक बिजली बिल करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक पहुंच जाता था। वहीं अब यह घटकर लगभग 20 हजार रुपये के आसपास रह गया है। इससे पालिका को आर्थिक मजबूती मिली है और बची हुई धनराशि को



**पालिका की पहल से बड़ी बचत**

अन्य विकास कार्यों में लगाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के विशेष प्रयासों से नगर की जनता के पैसे जो पहले अधिक मात्रा में बिजली बिल के रूप में खर्च हो रहे थे, उनमें भारी कमी आई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर हित सर्वोपरि है और जनता के टैक्स का हर एक रुपया विकास में लगे, यही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में नगर पालिका का बिजली बिल शून्य करने की दिशा में काम करना है ताकि बची हुई धनराशि से सड़कों नालों प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

शेख फैसल वारसी लगातार स्वच्छता, पारदर्शिता और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कूड़ा पृथक्करण को जनांदोलन बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की दिशा में वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनका मानना है कि स्वच्छ और आत्मनिर्भर स्योहारा ही भविष्य का सशक्त स्योहारा होगा।

अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शासन की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति के अनुरूप कूड़े का पृथक्करण और प्रसंस्करण किया जा रहा है। सूखे कचरे से ऊर्जा उत्पादन की यह व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत का भी सशक्त माध्यम बनी है। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि पालिका प्रशासन आगे भी ऐसे नवाचारों के माध्यम से स्योहारा को स्वच्छ सुंदर और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा।

## दरगाह पहुंचने पर मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में शिया धर्मगुरू मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद नकवी का जिला बिजनौर सहित बाहर से आए मोमिनीन ने गर्मजोशी व अकीदत के साथ भव्य स्वागत किया। अकबर गेट से लेकर हजरत अली (अलैहिस्सलाम) के रोजे तक 'नाराए हैदरी' से पूरा इलाका गूंज उठा। मोमिनीन ने मौलाना कल्बे जव्वाद को ईरान में मिले इमाम खुमैनी अवॉर्ड की मुबारकबाद पेश की। वहीं मौलाना शबाब हैदर नकवी को दरगाह का प्रशासक नियुक्त किये जाने पर मुबारकबाद पेश की। वहीं मौलाना शबाब हैदर नकबी को दरगाह का प्रशासक नियुक्त किए जाने पर मुबारकबाद पेश की। दोनों उलेमा ने सैकड़ों अकीदतमंदों के साथ जरी ए मुबारक की जियारत की। जियारत के बाद एक महफिल ए मसर्रत का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत कलामे पाक की तिलावत से हुई। कारी जुल्फकार अली मेमन सादात ने निजामत की। जबकि शहंशाह बिजनौरी ने नाते पाक पेश कर महफिल को रूहानी बना दिया। नवनियुक्त प्रशासक मौलाना सैयद शबाब नकबी ने अपने नूरानी बयान में दरगाह की बेहतरी व विकास के लिए सभी से सहयोग की अपील की तथा चेयरमैन अली जैदी व मौलाना कल्बे जवाद का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि जो दरगाह की खिदमत व तरक्की में योगदान देगा, वही कदम से कदम मिलाकर चलेगा। उन्होंने देश व दुनिया खासकर अपने वतन भारत में अमन ओ अमान कायम रहने की दुआ कराई। कार्यक्रम के अंत में दोनों उलेमा का फूल-माला पहनाकर, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## शिव की महिमा का गुणगान किया

**नजीबाबाद।** रमेश नगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंडित सुनील शर्मा द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धापूर्वक रूद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा कर शिव की महिमा का गुणगान किया। शिव चालीसा का पाठ व भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर मोना, सुमन वर्मा, आस्था, भावना, शकुंतला वैश्य, नीमा शर्मा, सुजाता, विभा माहेश्वरी, अलका अग्रवाल, संगीता आदि मौजूद रही।

# नई सराय में सड़क निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला नई सराय की वर्षों पुरानी और पिछले चार महीनों से उखड़ी पड़ी मुख्य सड़क को लेकर उठी जनता की आवाज अब असर दिखाने लगी है। शाह टाइम्स द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी पालिका टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, अध्यक्ष के पहुंचने से पहले ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था, लेकिन अध्यक्ष ने मौके पर करीब एक घंटे तक मौजूद रहकर कार्य की निगरानी की और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि नई सराय की यह सड़क करीब चार महीनों से जर्जर हालत में थी। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी



**पालिकाध्यक्ष ने किया वादे पर अमल**

का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए आवागमन जोखिम भरा हो गया था। मौहल्ले की लगभग तीन हजार से अधिक आबादी धूल, कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रही थी। स्थानीय लोगों ने कई बार समस्या को उठाया, लेकिन समाधान नहीं होने पर मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा प्रशासन तक पहुंचाई।

शाह टाइम्स की ग्राउंड रिपोर्ट के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था और 17 फरवरी से कार्य शुरू कराने का वादा किया था। तय तिथि पर कार्य प्रारंभ होने से मोहल्लेवासियों में राहत और संतोष का माहौल देखा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मीडिया और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय बाद उनकी समस्या का समाधान होता दिखाई दे रहा है।

अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि उन्होंने जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केवल सड़क निर्माण ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में जलभराव की पुरानी समस्या को देखते हुए कच्चे नालों को पक्के नालों में तब्दील किया जा रहा है। उनका कहना है कि इससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी और मौहल्ले की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी।

सड़क निर्माण कार्य के दौरान निर्माण लिपिक पुष्पेंद्र सक्सेना, राशिद अहमद, विभागीय जेई सहित अनेक पालिका कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पालिका प्रशासन ने निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का भरोसा दिलाया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कार्य इसी तरह पारदर्शिता और निगरानी में चलता रहा तो आने वाले समय में क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## एक नजर

### युवाओं ने ली आसपा की सदस्यता



**किरतपुर।** किरतपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आजाद समाज पार्टी के विस्तार को लेकर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं, पुरुषों, बुजुर्गों व महिलाओं ने सदस्यता ली। इस अवसर पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता अशरफ जमील ने मकबूल चौधरी, अकरम चौधरी, अजहर शेख, हैदर शैख, अफजाल मंसूरी, फरीद कास्सर, सलीम अंसारी, सलीम खान, खिजर शेख, वसीक शेख, नईम शेख सहित सैकड़ों जिम्मेदार लोगों और उनके समर्थकों को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इनमें सरफराज मलिक, दानिश कुरैशी, नवीन भारती, फहाद खान, ओसामा मलिक, फैजान राईन, एडवोकेट मोनू, शेख मंसूर , बंटी, सुमित, मनीष, इजहार और सोनू प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस दौरान एडवोकेट अशरफ जमील ने आजाद समाज पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया और पार्टी के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### शिव मंदिर में भजन संध्या



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा मे भगवान आशुतोष जी का जल अभिषेक हर हर महादेव के जप से प्रारंभ हुआ। शिव भक्तों ने हरिद्वार से कांवड़ लाकर पूर्ण भक्ति भाव के साथ भगवान शिव पर गंगाजल, चंदन, पुष्प, फल, धूप, दीप, भांग, धतूरे आदि से विधिवत पूजा अर्चना की। उमा वर्मा ने शिवजी के महत्व को बताया। माना जाता है सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्य रात्रि भगवान शंकर जी का ब्रह्मा जी से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। प्रलय की बेला में इसी दिन प्रदोष काल के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड के तीसरे नेत्र की ज्वाला से सब समाप्त कर देते हैं, इसीलिए इसे शिवरात्रि कहा जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन करके मंदिर परिसर को शिव मय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, ज्योति वर्मा, रेनू वर्मा, शालिनी वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, निशा वर्मा, दीपा वर्मा, उमा वर्मा, नीलम वर्मा, चाहत वर्मा, रुक्मणी वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू तोमर, सीमा सिंह, गजनी सिंह, रचना शर्मा, सोमवती, प्रेमवती तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### धारावाहिक सीआईडी के डायरेक्टर ने दिए टिप्स



**कोतवाली देहात।** मशहूर धारावाहिक सीआईडी के डायरेक्टर ईश्वर सिंह ने कंपोजिट स्कूल सराय डडूंबर के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्राइम पर आधारित धारावाहिकों का उद्देश्य समाज को अच्छा संदेश देना है। हर व्यक्ति यह समझ ले कि यदि कोई अपराध करता है तो वह बचेगा नहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का मंत्र देते हुए कहा कि स्कूल में जो भी पढ़ाया जाता है, उसे घर पर जाकर रिवाइज करें और लिखकर याद करें। वे सीरियल की स्क्रिप्ट याद करने के लिए ऐसा ही करते हैं। छात्र-छात्राओं ने उनसे सीआईडी के कलाकारों के संबंध में सवाल पूछे। डायरेक्टर ने उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। उन्होंने यह भी बताया कि वह बिजनौर जिले में फिल्म बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथी कफील अहमद, शिक्षक नीरज कुमार वर्मा, टोटर सिंह, मौहम्मद वाजिद आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने फरार आरोपी दबोचा


**धामपुर।** महिला से संबंधित गंभीर मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सलमान उर्फ अमन पुत्र हम्मन उर्फ मोटो फरहान निवासी मौहल्ला मिल्कियान, थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 12 फरवरी 2026 को पीड़ित पक्ष की ओर से थाना धामपुर में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोपी पर गलत कृत्य करने तथा पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना पुलिस ने तत्काल धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर 17 फरवरी को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दिशा में तकनीकी कार्यशाला

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, धामपुर में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 'भावी सॉफ्टवेयर विकासकर्ताओं को सशक्त बनाना' विषय पर एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों की जानकारी देना तथा उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अमित अग्रवाल, कुलसचिव राजीव कुमार, शैक्षणिक प्रभारी अमित विश्वकर्मा एवं प्राचार्य डॉ. दुर्गेश जैन उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में एक प्रतिष्ठित सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी से जुड़े वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ पुनीत कटियार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वेबसाइट निर्माण एवं पूर्ण प्रणाली विकास से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# फांसी के फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी के शव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** जुनावई थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई हैं। जहाँ एक पति-पत्नी अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले। पत्नी नौ माह की गर्भवती थी। सुबह कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को घटना का पता चला।

तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के खेड़ामानी गांव की है। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे 22 वर्षीय सरोज और उनके पति 25 वर्षीय खौराज पुत्र प्रेमपाल निवासी गांव खेड़ामानी थाना जुनावई अपने कमरे में एक ही साड़ी के फंदे पर लटके पाए गए। सरोज आठ माह गर्भवती थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और सरोज के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। खौराज की शादी सरोज से दो साल पहले हुई। सरोज थाना धनारी के भिरावटी गांव निवासी वीरेंद्र की बेटी थी। यह उनका पहला बच्चा होता। परिवार के सदस्यों को घटना का कारण ज्ञात नहीं है। मृतक युवक का छोटा भाई राजेंद्र बीते दिन ही दिल्ली से

**0 आठ माह की गर्भवती थी महिला**
**0 दो साल पहले हुई थी शादी**
**0पहले बच्चे को जनम देती मृतका**

लौटा था। जुनावई थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि उन्हें लगभग 11 बजे घटना की सूचना मिली पुलिस टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस की एंटर रोयिाम टीम ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।


सम्भल। नाबालिग का विवाह की सूचना पर पहुंचे संस्था के प्रभारी व पुलिस जानकारी करते।

# बालिका वधू बनने से बाल-बाल बची नाबालिग

**0प्रयत्न संस्था की सूचना पर पुलिस ने रुकवाया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाल विवाह रोकने को निरंतर जुटी संस्था के प्रयासो से एक ओर नाबालिग बाल दुल्हन बनने से बच गयी। सूचना पर पहुंचे संस्था के कर्ता-धर्ता के की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को वैवाहिक बंधन में बंधने से बचा लिया। थाना बहजोई क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को बाल विवाह की सूचना जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था को मिली। जिस पर प्रयत्न संस्था ने तुरंत बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता से सम्पर्क किया। सूचना पर गौरव गुप्ता ने तुरंत थाना एएचटी व बहजोई को शादी रोकने को आदेशित किया। जिस पर एएचटी के उप-निरीक्षक बाबू राम सैनी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी के साथ गाँव पहुंचकर पुलिस ने दस्तावेजों की जांच की। जिसमें किशोरी के नाबालिग होने की पुष्टि हुई जिस पर टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में समझाया और कहा कि बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में शामिल होगा उन सभी पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसके बाद किशोरी का बाल विवाह रुकवा दिया गया। इस अवसर पर प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी, उपनिरीक्षक बाबूराम सैनी कां. नवीन कुमार, बहजोई थाने के कां. कुलदीप कुमार कां. अमरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# मैक्स पिकअप पलटने से डेढ़ दर्जन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर बीती रात एक मैक्स पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में अमरोहा के एक युवक की मौत हो गई जबकि दर्जन भर से अधिक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नौ को हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा गाय को बचाने के प्रयास में बीती रात करीब 8 बजे तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव फतेहपुर के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार मैक्स पिकअप लगभग 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। अचानक सामने एक गाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और पलट गया। गाड़ी में करीब 16 लोग सवार थे। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। जिसके

**0एक की मौके पर मौत, गाय से बचाने के प्रयास में हुआ हादसा, 80 से 100 किमी की रफ्तार से चल रही थी मैक्स**

बाद गांव फतेहपुर के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और गाड़ी के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही थाना पुलिस डायल 112 और 108 एंबुलेंस की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। 15 घायलों में से नौ को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। जिनमें से तीन- चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल विजेंद्र ने बताया कि हम गुन्नौर की ओर से आ रहे थे तभी अचानक तीन चाय गए आ गई और उन्हें बचाने के लिए हमने गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ा दी जिसमें विवेक नाम का हमारा भतीजा खत्म हो गया। जुनावई थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि सभी लोग जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर के गांव अजीतपुर दावत में शामिल होने जा रहे थे। सभी लोग एक परिवार के हैं। मृतक युवक की पहचान अमरोहा जनपद के थाना नौगांवा सादात स्थित गांव बांसखेड़ी निवासी विवेक पुत्र धर्मवीर के रूप में हुई है। घायलों में दिशांत(20) रजत (25) पुत्र रविंद्र तुषार (30) पुत्र धर्मवीर, राहुल (24) पुत्र हुकुम सिंह, लकी (25) अभिषेक (22) पुत्र महेंद्र संसार (26) बिंदो (30) आजाद (22) पुत्र श्यामो विक्की (38) पुत्र घोसी मनोज (40) पुत्र विजय अतुल (25) पुत्र रवेंद्रयरोमो (45) पुत्र बिस्वा, देव (25) पुत्र मनोज और निकुल (18) पुत्र महेश शामिल हैं।

## शासन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आये आवेदन पर जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इसमें प्रगति धीमी है, योजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। खादी ग्राम उद्योग अधिाकारी द्वारा लंबित आवेदनों कीं जानकारी दी मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदन का निस्तारण करें या लंबित होने का कारण बताने के निर्देश दिए।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंक में सीसीएल की लंबित पत्रावली की बैंक वार जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शासन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखना सुनिश्चित करें।

# उद्योग बंधुओं की बैठक में कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु व्यापार बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी को जीएसटी के प्रमुख्ा एजेंडा बिंदुओं की जानकारी दी गई। जबकि बरसात से पूर्व नाले-नालियों की तली झाड़ सफाई के निर्देश दिए गए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त जीएसटी लोकेन्द्र कुमार द्वारा प्रमुख ऐजेंडा बिन्दुओंकी जिलाधिकारी को जानकारी दी गई। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के कुल आवेदन, आवेदन की संस्तुति, अनुमोदित आवेदन की जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर चर्चा की एवं लक्ष्य के विषय में जानकारी ली। इसी के साथ प्रगति कम पाये जाने पर एलडीएम को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। सर्वाधिक लंबित आवेदनों वाले 5 बैंकों को स्पष्टीकरण जारी करने को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी आवेदन किसी भी रुप में 7 दिन से ज्यादा ना रुके। बिजली कटौती की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने टैरिफ चेंज तथा सीएफसी सम्भल में ट्रिपिंग अधिक होने पर


सम्भल। उद्योग बंधुओं की बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

आस पास की जगह पर छापेमारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह (जीबीसी) 5.0 के आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने लक्ष्य पूर्ण कराया जाए जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में अक्रूर जी इन्फ्रा डवलेपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नर्मदेश्वर धाम चंदौसी में विद्युतीकरण किया जाने की जानकारी ली एवं विद्युत विभागीय स्तर पर लंबित होने के कारण समस्त संबंधित अधिशासी अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के बाद लंबित प्रकरणों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बार लाभार्थी भी बैठक में उपस्थित रहें। बैठक के अंतर्गत उद्योग बंधु के सदस्यों की समस्याओं को सुना। बैठक में चंदौसी के उद्योग बंधु मनु शिखर शर्मा के द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा खाली प्लाटों पर लोड का आंकलन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस प्रकरण की जांच अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा की जाए। उद्योग बंधु कमल कौशल वार्ष्णेय ने गंगा एक्सप्रेस के नजदीक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में छोटे व्यवसायियों को छोटे प्लाट आवंटित कराने की बात रखी। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया व्यापार बंधु के अंतर्गत चंदौसी स्टेशन रोड पर ठेले वालों के कारण अतिक्रमण की समस्याओं को रखा गया जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। नाले नालियों की तली झाड़ साफ सफाई को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि नाले नालियों की तली झाड साफ सफाई सुनिश्चित करें तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई को कठोर चेतावनी जारी करने का निर्देश दिए। चंदौसी में ई रिक्शा से लगने वाले जाम को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि चौराहों से 30 मीटर तक ई रिक्शा ना खड़े हों यह सुनिश्चित किया जाए तथा जाम से निजात के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि चंदौसी में 2 वर्ष पहले वनवे की जो योजना चलाई गई थी उसको पुनः लागू करवाने की कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उपायुक्त जीएसटी लोकेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# टप्पेबाज तीन बैटरी ठगकर मौके से हुए फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** टप्पेबाजों की टप्पेबाजी का शिकार दुकानदार से ठग तीन बैटरी लेकर फरार हो गए। नम्बर देकर गए ठगों से सर्म्पक करने का प्रयास किया लेकिन वह बंद निकला।

कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला चौधरी सराय निवासी दानिश पुत्र नफीस की दुकान सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलसी सिनेमा के सामने रामा मार्केट में स्थित है। बीते दिन वह खाना खाने घर गए हुए थे। दुकान पर उसका दानिश था ठगों ने दुकान पर जाकर बैटरी लेने की बात कही बैटरी का सौदा फोन पर तय हो गया और ठगों ने चार बैटरी ई रिक्शा पर रखवा कर उसके कर्मचारी दानिश से कहा कि आप तीन बैटरी शंकर चौराहे पर उतार दो और बाकी एक बैटरी गली में अंदर उतार दो वही पर खड़ा मेरा साथी आपको पैसे दे देगा दुकानदार के नौकर ने तीन

**0पुलिस को शिकायत देकर की मदद की गुहार**

बैटरी शंकर चौराहे पर उतार दी। चौथी बैटरी लेकर जब गली में गया तो वहां पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला और फोन नंबर भी स्विच ऑफ हो गया वह जब वापस शंकर चौराहे पर आया तो तीन बैटरी को लेकर भी दो लोग फरार हो चुके थे। जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो उसने पूरी घटना दुकानदार दानिश को बताई दुकानदार के होश उड़ गए और ठगों को आसपास काफी तलाश किया लेकिन उनका कोई पता नहीं लग पाया सीसीटीवी कैमरे से वीडियो सामने आने पर पता लगा कि तीन ठग बैटरी को स्कूटी पर रख कर ले जा रहे हैं अब पीड़ित ने पुलिस में शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है।

## एक नज़र इधर भी


सम्भल-शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में बच्चों को वैक्सीन लगाती एएनएम।

## शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज मे बच्चों को लगायी वैक्सीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** बच्चों को लगाई वैक्सीन शांति देवी कन्या इंटर कालेज बबराला में चिकित्सा विभाग द्वारा बच्चों के वैक्सीन लगाई गई। मंगलवार को एएनएम पूजा यादव ने कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों को खसरा एवं रूबेला की वैक्सीन लगाई। यह वैक्सीन कैंपेन सरकार द्वारा चलाए जा रहा है। जिसमें छोटे बच्चों में खसरा की बीमारी न पनपने पाये। इस कार्य में विद्यालय की सहायक अध्यापिका नुसरत जहां एवं प्रेरणा पाठक का विशेष सहयोग रहा। एएनएम पूजा यादव द्वारा बच्चों को खाने के लिए पेरासिटामोल टैबलेट्स भी दी गई। जिससे कि उन्हें कोई बुखार की समस्या न हो।

## एनसीईआर पाठयक्रम हों लागू

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राष्ट्रीय भृष्टाचार दमन परिषद की बैठक में भृष्टाचर समाप्त करने को प्रत्येक नागरिक को जागरूक बनने और गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए पारदर्शी नीतियां बनाने पर ज़ोर दिया।

प्रशासनिक कार्यालय हल्लू सराय पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के के मिश्र ने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक कों जागरूक बनना पड़ेगा। उन्होने कहा कि डेश में अभी भी आम आदमी पर भारी बोझ का सामना करना पड़ रहा है।इसके लिए पारदर्शी नीतियां बनानी होंगी। ताकि प्रत्येक गरीब से गरीब व्यक्ति को लाभ पहुंचे। उन्होने कहा कि देश में शिक्षा पाठयक्रमों को भी बहुत बड़े स्तर पर मुनाफे का धंधा बना लिया है। पूरे देश में एन सी ई आर टी द्वारा मान्य पाठयक्रम ों को ही कक्षा एक से बारह तक लागू किया जाना चाहिए। जिससे कि नर्सरी कक्षा में पने वाले शिशु हाथ के हाथ में हिंदी की वर्णमाला की पुस्तक पॉंच सौ रूपये के स्थान पर पचास रूपये में उपलब्ध हो। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूरे देश में सभी स्कूलों मे सभी कक्षाओं में एन सी ई आर टी द्वारा पुस्तकें ही केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराकर पाठयक्रम लागू किया जाये। ताकि गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों को पढ़ाने के लिए उन पर आर्थिक बोझ न पड़े। जबकि प्राईवेट प्रकाशकों की पुस्तकें लगाकर गरीब जनता की जेब पर बोझ डाले हुए है। बैठक में बताया गया कि कक्षा नर्सरी से सभी विषयों की पुस्तके एनसीईआरटी द्वारा उपलब्ध नहीं है। इसके लिए परिषद कक्षा नर्सरी से लेकर उच्च शिक्षा तक एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराकर इसे लागू कराने की मांग की जायेगी जबकि सभी राज्यों के स्कूलों में एनसीईआरटी अनुमन्य पुस्तके लागू किए जाने की मांग करेगी। बैठक में भश्टाचार के खिलाफ चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने जिले में सात सूत्रीय ज्ञापन कार्यक्रम चलाने के लिए कहा गया। गोष्ठी, कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक मे शाहिद हुसैन, डी पी यार्मा, योगेश मिश्रा, मौ. अली, अमित गौतम, शाहनवाज सम्भली, ज्ञानेन्द्र एड., इकराम, हाजी हाशिम अलीख जरीफ अहमद, राकेश कुंमार, सतीश शर्मा, इकराम वारसी, तन्जीम, डा. याफीकुर्रहमान बरकाती, ब्रजेया यादव, होराम सिंह यादव, विपिन शर्मा, तेजपाल सिंह, मौ. रफी, मौ. फैसल, मौ. आदिल, एसवी दीवाना, मौ. करीम आदि मौजूद रहे।

# हैदराबाद में कृषि निर्यात के बढ़ावे को दिया जा रहा प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश से कृषि के निर्यात को बढ़ाने के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा हैदराबाद में स्थित मैनेज में एक निर्यात प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें मुरादाबाद मंडल सहारनपुर मंडल एवं मेरठ मंडल के 18 सदस्य मण्डलीय अधिकारी राहुल यादव की अगुवाई में प्रतिभाग कर रहे हैं।

कृषि विपणन विभाग में निरीक्षक अवनीश कुमार सिंहने बताया कि जनपद संभल के एफपीओ सीएससी सरसी यूपी एग्रीकल्चर फार्मर प्रोडयूसर कंपनी के सीईओ मोहम्मद फहीम का चयन हुआ है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि निर्यात के

**0मुरादाबाद मंडल के 18 सदस्य कर रहे हैं प्रतिभाग**

क्षेत्र में किसानों एवं एफपीओ के साथ-साथ कृषि निर्यातकों को सक्षम बनाना है। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा निर्यात हो रहे कृषि उत्पाद पर परिवहन अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

## फलों के दामों में आया उछाल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रमजान की आमद से दो दिन पूर्व फलों के दामों में उछाल आ गया। अमरूद, केला और सेब के बढे दामों से आम आदमी के मुंह का स्वाद छिन सकता है।

## कड़ी सुरक्षा व निगरानी में करायी जायेंगी परीक्षाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कड़ी सुरक्षा के बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई सकूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होंगी। जिले भर में बनाये गए परीक्षा केन्द्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराने को व्यवस्थायें सख्त रहेंगी। जबकि परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों की मुख्य गेट पर गहन चैकिंग करने के बाद ही परीक्षा केन्द्रों के भीतर प्रवेश करने दिया जायेगा। इसके लिए परीक्षा केन्द्र स्कूलों के बाहर पुलिस व्यवस्था भी कड़ी रहेगी। जबकि कक्षों में कक्ष निरीक्षक नकल विहीन परीक्षा में परीक्षार्थियों पर कड़ी नजर रखेंगे। शिक्षा में पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए कक्षों में सी सी टी वी कैमरों की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान किसी तरह की गड़बढ़ी न हो इसके लिए पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था परीक्षा केन्द्रों के बाहर रहेगी।

# साल भर से अधूरी पड़ी सड़क से लोगों में रोष

**0सभासद ने कहा लगातार प्रयास जारी**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आधी अधूरी बनी सड़क लोगों के लिए आफत बन रही है। जिसे लेकर मौहल्ले के लोगो में रोष है। जबकि सभासद ने विधायक निधि से सड़क का निर्माण होने और बाकी बचा सड़क निर्माण कार्य पुरा कराने के लिए लगातार प्रयास किये जाने का आशवासन दिया।

उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला नवाबखेल वार्ड 36 में साल भर से अधूरी बनी सड़क बन रही मोहल्ले वासियों के लिए आफत बन गयी है। तिरंगा वाली गली में साल भर पहले शुरू किये गए कार्य को मानो जिम्मेदार भूल गए हैं। जिसका खमियाजा स्थानीय नागरिकों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों का कहना है बीते साल भर पूर्व यहां सड़क निर्माण


सम्भल- साल भर से अधूरी सड़क पड़ी होने पर रोष जताते मौहल्ले के नागरिक।

कार्य शुरू किया गया था जिसके अंतर्गत बीच की सड़क तो डाल दी गई लेकिन आगे पीछे की सड़क पर कोई ध्यान नही दिया गया। जिस कारण सड़क पर डाले गए ईंट पत्थर के कारण यहां जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है और स्कूली बच्चे अक्सर चोटिल हो रहे है, वही मौजूदा सभासद इफ्तेखार अहमद का कहना है कि 15 वर्षों से यह सड़क नही पड़ी थी वार्ड वासियों की समस्या को देखते हुए विधायक निधि से सड़क निर्माण कार्य कराया गया है आगे भी प्रयास जारी है पीछे की सड़क का निर्माण हो चुका है अब आगे पीछे की सड़क के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास जारी है।

# किसानों की कमर तोड़ने को हुई ट्रैंड डील


सम्भल- भाकियू असली की ग्राम पल्था में पंचायत करते किसान।

शाह टाइम्स,ब्यूरो


**सम्भल।** भाकियू असली की पंचायत में ट्रैड डील का विरोध किया और इसे किसानों की कमर तोड़ने वाली डील बताकर रोष व्यक्त किया।

भारतीय किसान यूनियन असली की ग्राम पल्था में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव श्रृषिपाल सिंह यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सरकार से भारत सरकार द्वारा की गयी ट्रेंड डील में भारत के किसानो की कमर तोड़ने के प्रयास किया है। जिसको किसान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे इस को लेकर किसानों में अधिक रोष जताया। पंचायत में डील के विरोध में कल आज मंडल आयुक्त मुरादाबाद के कार्यलय पर धरना- प्रदर्शन करने की घोषणा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव जयवीर सिंह यादव दिलशाद भाई, राहिद भाई हाजी महबूब बारिश भाई विरेश यादव मोहम्मद उमर राशिद खा वसीम खा हाजी यूसुफ आदी मौजद रहे।

**0भाकियू असली मंडलायुक्त कार्यालय पर करेगी आज धरना-प्रदर्शन**

# रमज़ान इबादत, तकवा और समाजी जिम्मेदारी का मुकम्मल पैगाम: अशरफ

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** रहमतों, बरकतों और मगफिरत का पाक महीना रमजान शरीफ करीब है। यह महीना हर मुसलमान के लिए आत्म-सुधार, इबादत में इजाफा और इंसानियत की खिदमत का सुनहरा मौका लेकर आता है। रमजान हमें सिर्फ रोजा रखने का हुक्म नहीं देता बल्कि हमारी पूरी जिंदगी के निजाम को सुधारने की तालीम देता है। यह महीना सब्र, शुक्र, तक्रवा अखलाक और सामाजिक हमदर्दी का जीता-जागता सबक है। उक्त उदगार 'मौलाना फैजान अशरफ हामिदी' ने रमजान करीम की आमद पर शहर व क्षेत्र के मुसलमानों से अपील करते हुए कहे। उन्होने कहा कि वह इस महीने को सिर्फ रस्मी तौर पर न मनाएं, बल्कि इसकी असली रूह को समझें और अपने अमल से इसे जिंदा करें। उन्होंने कहा कि रमजान कुरआन का महीना है। इस महीने में ज्यादा से ज्यादा तिलावत, तरावीह की पाबंदी, तहज्जुद, इस्तिगफार और दुआओं का एहतिमाम किया जाए। अपने घरों में दीन का माहौल बनाया जाए, बच्चों को रोजे की अहमियत समझाऐं और घर वालों के साथ मिलकर इबादत का सिलसिला बढ़ाया जाए। मौलाना ने खास तौर पर समाजी जिम्मेदारी की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि रमजान का असली मकसद सिर्फ अपनी निजात नहीं, बल्कि समाज के कमजोर तबके को सहारा देना भी है। हमारे आसपास कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक तंगी, बीमारी या बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। कुछ लोग अपनी गुरबत को छुपाए रखते हैं, मगर उनकी जरूरतें साफ दिखाई देती हैं। ऐसे लोगों तक मदद पहुंचाना बहुत बड़ा सवाब है। उन्होंने कहा कि जकात, सदका और फितरा का सही इस्तेमाल किया जाए। पहले अपने मोहल्ले और बस्ती के गरीबों की पहचान की जाए। अगर हर शख्स अपने आसपास के दो-चार जरूरतमंद परिवारों की जिम्मेदारी ले ले, तो पूरा समाज खुशहाल हो सकता है। रमजान में इफ्तार का सामान, राशन किट, दवाइयां, बच्चों के कपड़े और ईद की बुनियादी जरूरतें मुहैया कराना बेहद नेक काम है।उन्होने कहा कि रोजा हमें भूख और प्यास का एहसास कराता है, ताकि हम उन लोगों के दर्द को महसूस कर सकें जो साल भर तंगी में जीते हैं। अगर हमारे रोजे हमें गरीबों के करीब नहीं लाते, तो हमें अपने इखलास का जायजा लेना चाहिए। रमजान आत्म मूल्यांकन का महीना है अपने गुनाहों से तौबा करने, रिश्तों को सुधारने और दिलों में मोहब्बत पैदा करने का वक्त है। उन्होने नौजवानों के लिए पैगाम देते हुए कहा कि वह रमजान को मोबाइल, टीवी, फिल्म और बेकार मशागिल में गंवाने के बजाय मस्जिदों में जुड़ें, तरावीह में हिस्सा लें और अपने बुजुर्गों की खिदमत करें। बच्चों को भी छोटी उम्र में रोजे और नमाज की आदत डालना चाहिए ताकि उनमें दीन की मोहब्बत पैदा हो।उन्होंन सुझाव दिया कि हर मौहल्ले में एक छोटी कमेटी बनाई जाए जो खामोश तरीके से जरूरतमंदों की सूची तैयार करे और इज्जत के साथ उनको मदद पहुंचाए। मदद देते वक्त उनके आत्मसम्मान का भी ख्याल जरूरी है। इस तरह की सामूहिक कोशिश से समाज में भाईचार ,भरोसा और एकता मजबूत होती है।

## सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र रजा गलत संगत में पड़ गया है ओर गलत प्रवृति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ आमादा फसाद रहता है। मैने अपने पुत्र रजा को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने अपने सगे पुत्र रजा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है और अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से रजा का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा। अपने किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मकसूद हसन पुत्र मतलूब हसन**
नि. नि. मौ. चाहनायक सराय तरीन
जिला -सम्भल

# जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी जैसे मुद्दों को विधानसभा में उठाया



**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने आज जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी बक्फ संपत्तियों पर हो रहे कब्जे और प्रदेश में हावी होती जा रही नौकरशाही को लेकर विधानसभा में सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि बक्ख संपत्ति अल्पसंख्यक समाज की अमानत है और उनके संरक्षण पारदर्शिता में सही प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने बढ़ते जा रहे अवैध कब्जे और प्रशासनिक लापरवाही से समाज को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि सुधार का उद्देश्य अधिकारों को कमजोर करना नहीं बल्कि व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाना है। कहा कि विपक्ष के विधायकों की तो कोई सुनवाई हो ही नहीं रही अव सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री भी अधिकारियों के सामने बेवस नजर आ रहे हैं जनप्रतिनिधियों को अपने ही क्षेत्र के कार्य के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पत्र लिखने और फोन करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर परिवार रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं और हजारों आवेदन जानबूझकर लंबित रखे गए हैं। जबकि एस आई आर प्रक्रिया के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है उन्होंने कांठ के बीएलओ सर्वेश की आत्महत्या का उल्लेख करते हुए ऐसे कर्मचारियों के परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता और सभी लंबित मामलों के निस्तारण की मांग भी उठाई

# नाबालिक लड़की को भगाने के मामले में आरोपी का चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया है। घटना 21 जनवरी दोपहर बाद की है थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना था कि उसकी नाबालिक बेटी को जनपद बिजनौर के धामपुर मोहल्ला बंदूकचियान निवासी अफजल पुत्र नफीस बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस ने 16 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आज चालान कर दिया।

## नंदग्राम में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में गत दिनों उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खाली भूखंड में लगे पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ मिला। शव की स्थिति संदिग्ध होने के कारण हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नंदग्राम इलाके में स्थित एक खाली प्लॉट में स्थानीय लोगों ने सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। शव को देखते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के घुटने मुड़े हुए थे।

## एक नजर

### पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन, बच्चों ने किए सांस्क्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गयास जिसमे हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबको मंत्र मुग्ध कर दियास मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार जिंदल ने देश की खुशहाली के लिए बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने का आह्वान किया स वार्षिक उत्सव में स्वागत गीत,सरस्वती वंदना,महिला सशक्तिकरण, राजस्थानी नृत्य,पंजाबी नृत्य, सोशल मीडिया थीम डांस, वृद्धाश्रम भावनात्मक अभिनय नृत्य,सीडी कॉमेडी-डांस, फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिए हानिकारक, आदि कार्यक्रम आयोजित हुएस विशिष्ट अतिथि डॉ राजकुमार सिंह, इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका वंदना विश्नोई, पारुल जैन सोनी, वरिष्ठ पत्रकार सुदेश बिश्नोई, ओमवीर सिंह बिश्नोई, भावेश शर्मा, पंकज भदौरिया, देवेंद्र बिश्नोई, तनवीर आलम आदि पत्रकारों एवं अतिथि गणों नेविद्यालय के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित कियास समारोह में स्वाति शेखावत, नीरू रस्तोगी, वंदना शर्मा, राखी बिश्नोई, कविता रानी, सुमन कुमार, दिवेश कुमार एवं स्टाफ के लोग मौजूद रहे स वार्षिक उत्सव का संच. ालन सुमित मुखर्जी ने कियास आगंतुकों का आभार उदयवीर सिंह ने किया।

### प्रसव तिथि के दो सप्ताह बाद सफल ऑपरेशन डिलीवरी, मां बेटा दोनों स्वस्थ, टीम की सराहना



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराते हुए 42 सप्ताह के नवजात शिशु को सफलतापूर्वक जन्म दिलाया, शिशु स्वस्थ है और उसका वजन चार किलोग्राम है। मिलक नगलिया निवासी ज्योति, पत्नी बॉबी, प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थीं। जांच के दौरान पाया कि उनकी डिलीवरी की निर्धारित तिथि करीब दो सप्ताह पहले निकल चुकी थी, जिससे मां और शिशु दोनों के लिए जोखिम की स्थिति बन गई थी।

ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रेशमा बजाहत, डॉ. दुर्गेश्वर प्रसाद राहुल सिंह और उनकी टीम ने परीक्षण करने के बाद परिजनों को तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों की सहमति के बाद चिकित्सकों ने सर्जरी कर सुरक्षित प्रसव कराया। चिकित्सकों ने बताया मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। दंपति का एक आठ वर्ष का बच्चा पहले से है, जिसका जन्म सामान्य प्रसव से हुआ था। स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन ने टीम के इस प्रयास की सराहना की।

### परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर देखा सीटिंग प्लान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैस हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं लिए कांठ तहसील में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैंस इन परीक्षा



केदो पर आज हजारों परीक्षार्थी अपना सीटिंग प्लान देखने के लिए पहुंच. स नगर के ध्यान सिंह मेमो. रियल इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है सबोर्ड परीक्षाओं के लिए कांठ तहसील क्षेत्र में डीएसएम इंटर कॉलेज, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरपुर, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, ऋषिबाल इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, श्री मति शांति देवी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर विश्नोई, केवी इंटर कॉलेज चंगेरी छजलैट, कृषक उपकारक इंटर कॉलेज सदरपुर मतलबपुर, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कलां, मां सरस्वती इंटर कॉलेज पैगम्बरपुर आदि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बोर्ड परीक्षाएं विभिन्न परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी।

# रमजान व होली को लेकर अमन कमेटी की बैठक, नई परंपरा शुरू न करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** माहे रमजान और होली पर्व के मद्देनजर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने त्योहारों से संबंधित समस्याएं और सुझाव पूछे, दोनों समुदायों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। मंगलवार को आयोजित बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग संवैधानिक दायरे में रहकर अपने-अपने पर्व मनाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए, जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा ऐसे गीत न बजाए जाएं, जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने पूर्व वर्षों के रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एकता और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब निर्माण, अराजक तत्वों की गतिविधि या मेले के आयोजन की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते



कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, भाजपा नेत्री गीता शर्मा, सुरेंद्र कुमार चुग, प्रधान रविंद्र चौधरी, माजिद हुसैन अंसारी, वकार अहमद खां, डॉ. अनीस अहमद, मौलाना फैजान अशरफ, रामनिवास शर्मा, पूर्व प्रधान कल्याण सिंह, चौधरी उदयपाल सिंह, शिरीष गुप्ता, ग्राम प्रधान खलील अहमद, नौमान जमाल, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन, कारी खुर्शीद अहमद, होली जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, मुफ्ती कलीम अशरफ, देवदत्त दिवाकर, महंत राहुल सांबरा, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौधरी, केपी राणा, शमशाद हुसैन, सभासद हप्पू राजा, इस्लाम मसूदी, आमिल सिद्दीकी, रेहान पाशा, कारी शकील अहमद, सहित विभिन्न वर्गों के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बैठक के अंत में सभी ने क्षेत्र में शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने किया।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव को लेकर डायट में कार्यक्रम का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हमारा आगंन हमारे बच्चें एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक दक्षता प्राप्त करने हेतु पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण किया जाना लक्षित है।



प्रदेश में निपुण लक्ष्यों की सम्प्रप्ति आयुवर्ग 05 से 08 वर्ष के समस्त बच्चों के लर्निंग आउटकट के माध्यम से प्राप्त किया जाना है, जिसके अन्तर्गत बालवाटिका आयुवर्ग 05 से 06 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा 01 एवं कक्षा 02 के समस्त बच्चें सम्मिलित है। ष्हमारा आगंन हमारे बच्चेंष उत्सव खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवम् गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कॉठ में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि- मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य विकास अधिकारी रहीं, अनीता बाल विकास परियोजना अधिकारी, गौरव यादव, अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, छजलैट, विरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बृजेन्द्र कुमार, ब्लॉक मंत्री उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट व ए०आर०पी० आशुतोष कुमार, चन्द्रभानु विश्नोई, सुनील कुमार व वर्षा चौधरी प्राथमिक स्तर से नोडल अध्यापक (प्राथमिक/कम्पोजिट) परिषदीय विद्यालय छजलैट, शहनवाज, सहा०लेखा०, भुवनेश, प्रियंका चौधरी, दीपिका गुप्ता, शालिनी, प्रियंका राणा, आंगबाड़ी कार्यकत्री एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी व पदाधिकारियों द्वारा सयुक्तरुप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय के बच्चों के सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय माननगर, कांठ की बालिकाओं कें द्वारा बालिका शिक्षा पर कविता प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में बालवाटिका आयुवर्ग 05 से 06 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा 01 एवं कक्षा 02 के प्रत्येक न्याय पचायत 5 को बच्चो को प्रमाण पत्र, मेडल, स्टेशनरी किट आदि से सम्मनित किया गया। मंच का संच. ालन आशुतोष कुमार, ए०आर०पी० के द्वारा किया गया। समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवम् गुप्ता के उद्बोधन से हुआ

# ट्रक की चपेट में आई बाइक बाल बाल बच गए बहन भाई

**कांठ( शाह टाइम्स )।** गन्ने से भरे ट्रक की चपेट में बाइक आ गई जिसमें बहन भाई बाल बाल बच गए बाद में दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया। ठाकुरद्वारा निवासी





आकाश चौहान पुत्र संदीप चौहान कावड लेने के लिए हरिद्वार गया था कांवड़ पूजन के लिए उसने अपनी बहन को घर बुला लिया था आज वह बहन को उसकी ससुराल सिकंदरपुर छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक रेलवे फाटक 433 बी के मोड पर पहुंची तभी सामने से आ रहे गन्ने के ट्रक की चपेट में आ गई। जिसमें दोनों बहन भाई गिर गए बहन ने फंसे हुए भाई को खींचकर बाहर निकाल दिया। चालक ने भी ट्रक को रोक लिया इस हादसे में आकाश मामूली चोटिल हुआ लेकिन उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई सामने खड़ी ट्रैफिक पुलिस ने ट्रक को भी साइड में खड़ा कर दिया और बाइक सवारों को भी थाने भेज कर पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। सूचना मिलते ही ट्रक मालिक भी थाने पहुंच गए और दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# एआई के शिखर सम्मेलन में शिरकत करने टीएमयू के 109 छात्रों का दल दिल्ली रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत मंडपम में आयोजित पांच दिनी इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेने के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के छात्रों का बड़ा दल मंगलवार की सुबह दो बसों से दिल्ली कूच कर गया है। इस डेलीगेशन का नेतृत्व डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन कर रही हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में 92 स्टुडेंट्स, 17 प्री-इन्क्यूबीटी आदि शामिल हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित इस समिट में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत 20 देशों के राष्ट्रध्यक्ष, प्रधानमंत्री के संग- संग राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के दिग्गज सीईओ की गरिमामायी उपस्थिति रहेगी। समिट में माइक्रोसॉफ्ट से श्री बिल गेट्स, रिलायंस समूह से श्री मुकेश अंबानी, श्री सुंदर पिचई के अलावा टाटा समूह, इन्फोसिस, बायोकॉन, एंथ्रोपिक, एनवीडिया,





एक्सेंचर, गूगल समेत दुनिया के 100 दिग्गज आकर्षण के केंद्र होंगे। टीएमयू के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन इंडिया एआई इंपैक्ट समिट को महाकुंभ की संज्ञा देते हुए कहते हैं, इस समिट की मेजबानी पर हमें नाज है। उन्होंने उम्मीद जताई, एआई सम्मेलन का रोडमैप दुनिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में 20 सत्र और सेमिनार्स होंगे, जिनमें एक सत्र में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन प्रो. मंजुला जैन भी अपना नजरिया रखेंगी। भारत के शैक्षणिक परिदृश्य में एआई नवाचार के लो. कतंत्रीकरण पर केंद्रित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की एक समाधान-उन्मुख पैनल चर्चा सुषमा स्वराज भवन में शाम साढ़े पांच बजे से होगी। इस सत्र का संचालन टीएमयू की डीन एकेडमिक्स एवम् तीर्थंकर महावीर इनोवेशन फाउंडेशन- टीएमआईएफ की निद. ेशक प्रो. मंजुला जैन करेंगी, जबकि इस सत्र में प्रमुख नवाचार एवम् उद्योग विशेषज्ञों में एफआईटीटी-आईआईटी, दिल्ली के एमडीख्र डॉ. निखिल अग्रवाल, इजराइल की सुश्री माया शरमन, जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ. कविता सिंह और इकोसिस्टम एवम् इनोवेशन स्ट्रेटेजी लीडर श्री उत्कर्ष मिश्रा की सहभागिता रहेगी। विशेषज्ञ इस बात पर चर्चा करेंगे कि शैक्षणिक संस्थानों के छात्र अपने विचारों और शोध को एआई आधारित समाधानों में किस प्रकार परिवर्तित कर सकते हैं। समिट में यूनिवर्सिटी के तीन स्टार्ट्स अप के प्रेजेंटेशन की भी तैयारी है। टीएमयू के इस डेलीगेशन में बतौर समन्वयक- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी टीएमआईएफ के इन्क्यूबेशन मैनेजर श्री प्रशांत सिंह, टीएमयू आईआईसी कोऑर्डिनेटर श्री प्रदीप कुमार वर्मा, सीसीएसआईटी से डॉ. प्रियांक सिंघल, सीओई से फैकल्टी श्रीमती निकिता जैन आदि भी शामिल हैं।

## प्राथमिक विद्यालय महमूदपुरा में न्याय पंचायत मौढ़ी हजरतपुर की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शासन के निर्देश पर मंगलवार को न्याय पंचायत मौढ़ी हजरतपुर की संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय महमूदपुरा कांठ में किया गया बैठक में निर्धारित समय में स्कूलों को निपुण बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रेरक गति. विधि , हमारे प्रयास (शेयरिंग) , अकादमिक नियोजन , विभागीय प्राथमिकता सत्र , बैगलेस शनिवार अनुभव और सीख , डिजिटल संसाधनों का प्रभावी प्रयोग , संदर्शिका प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा में प्रयोग आदि पर चर्चा की गईस शिक्षक संकुल गौरव यादव, संदीप पवार शमीम अहमद, भुवनेश कुमारी एवं प्रियंका चौधरी ने निर्धारित समय में स्कूलों को निपुण बनाने का संकल्प लियासविद्यालय प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक प्रभास कुमार,प्रगति देवी, , जुल्फकार , अखिलेश कुमारी, जुबेर अहमद, छाया विश्नोई, अजमा नाज आदि उपस्थित थे

**न्यायालय**-अपर लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जनपद-मुरादाबाद।
**मूलवाद संख्या:** 473/2006
**तारीख पेशी:** 10.03.2026
**बहारे आलम बनाम**
**डा. मौहम्मद इकराम आदि।**
बहारे आलम पुत्र स्व. अजीजुर्रहमान निवासी मौहल्ला भट्टी निकट बेरो वाली आढ़त, मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1/1-श्री रूमी आयु लगभग 25 वर्ष,
1/2-श्री बाबा आयु लगभग 22 वर्ष,
1/3-श्री बबलू आयु लगभग 21 वर्ष
पुत्रगण स्व. श्री डा. मौहम्मद इकराम समस्त निवासीगण मौहलला भट्टी स्ट्रीट, अब्दुल सलाम इण्टर कॉलिज के बराबर में, मुरादाबाद-प्रतिवादीगण

चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि प्रा0पत्र धारा 5 समयावधि अधिनियम में प्रार्थना पत्र आदेश 22 नियम 4 तथा धारा 151 सीपीसी अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 10 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 16 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**अपर लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# टिमिट में करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने हेतु "ग्रेजुएशन के बाद करियर" विषय पर एक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस करियर काउंसलिंग सत्र के रिसोर्स पर्सन श्री राजकुमार गुप्ता, हेड, टाइम इंस्टिट्यूट, मुरादाबाद रहे। उन्होंने बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रोफेशनल कोर्सेज, स्किल डेवलपमेंट तथा सही करियर चयन की रणनीतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े अपने प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा व्यावहारिक और प्रेरक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने अपने सशक्त संबोधन में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा "आज का युग केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि सही दिशा में करियर निर्माण का है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और बदलते उद्योग जगत की आवश्यकताओं को समझते हुए निर्णय लेना चाहिए। ऐसे करियर काउंसलिंग सत्र छात्रों को आत्ममंथन और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। टिमिट का निरंतर प्रयास है कि विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के





साथ-साथ व्यावहारिक मार्गदर्शन भी मिले, ताकि वे एक सक्षम और जिम्मेदार प्रोफेशनल बन सकें।" डीन प्रो. विपिन जैन ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं और उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें भविष्य में भी ऐसे करियर उन्मुख कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया गया

# जनपद में शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 18 केंद्रों पर आयोजित कराई जा रही परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं



मंगलवार से प्रारंभ हो गईं। कक्षा 10 की परीक्षाएं 17 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित होंगी। जिले में कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं।मंगलवार को पहले दिन 10वीं कक्षा में 5,445 और 12वीं कक्षा में 4,898 परीक्षार्थियों सहित कुल 10,343 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है।

10वीं के विद्यार्थियों की गणित विषय की परीक्षा हुई, जबकि 12वीं कक्षा के लिए बायोटेक्नोलॉजी तथा शॉर्टहैंड (हिंदी व अंग्रेजी) का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया।परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व छात्रों की सघन जांच की गई। सीसीटीवी निगरानी, पुलिस बल की तैनाती और पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रश्नपत्र देखकर अधिकांश विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। छात्रों ने पेपर को संतुलित और सिलेबस आधारित बताया, हालांकि कुछ प्रश्नों ने हल्की उलझन भी पैदा की।केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ उत्साह और चिंता के साथ नजर आई। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन का भरोसा दिलाया है।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र राजवीर सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती रीता व दो पुत्री हिमानी व कु० कशिश व एक पुत्र यज्ञक्षित्र चौधरी व बडे पुत्र मनवीर सिंह की पत्नी श्रीमती नरेश देवी व पुत्री प्रियंका व पुत्री प्रीति व एक पुत्र प्रशान्त चौधरी को गलत व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उक्त लोगों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुक. दमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**इन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री तन्ना सिंह निवासी ग्राम ज्ञानपुर थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से होंगी शुरू, सभी तैयारियां पूरी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी बुधवार से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी।



उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मुरादाबाद मंडल में भी परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।मुरादाबाद जनपद में कुल 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि पूरे मंडल में 450 केंद्रों पर परीक्षाएं संपन्न होंगी। इस वर्ष मंडल में हाईस्कूल के 1,64,876 तथा इंटरमीडिएट के 1,46,674 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षाओं को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, कंट्रोल रूम की स्थापना तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी।मुरादाबाद मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**मुरादाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को शहर के बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आक. ाश कुमार पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को तराशने की



प्रक्रिया है। जो सिखाता है वह बढ़ता है और जो सीखना बंद कर देता है, उसका विकास भी रुक जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है और यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। प्रशिक्षण पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित है, जो राष्ट्रीयता, सामाजिक समरसता और सेवा भाव को सुदृढ़ करता है।जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना, संगठन कौशल विकसित करना और सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने जानकारी दी कि मंडल स्तर पर एक दिवसीय तथा बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।कार्यशाला को पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री एवं सहसंयोजक कमल प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में 16 मंडलों के अध्यक्षों सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा 'प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर हमीर में मासिक बैठक आयोजित

**कुंदरकी।** याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर हमीर में फरवरी माह की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सभी संकुल शिक्षकों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी। श्रीमती अनिता मैसी (वरिष्ठ अध्यापक) को बैठक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में सभी शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को अपना परिचय दिया



गया। अध्यापक इन्दर सिंह द्वारा वार्षिक परीक्षा पर दिशा और दशा के द्वारा वर्तमान समय में वार्षिक परीक्षा के आयोजन पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके पश्चात ज्स्ड निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। संकुलो द्वारा कक्षा कक्ष में प्रिंट रिच मटेरियल,बिग बुक, कार्य पुस्तिका में ट्रेकर भरने, संदर्शिका का उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। अध्यापक नरेश कुमार ने शिक्षकों को अपने वेतन खाते को बैंकों में सैलरी अकाउंट में अपडेट करने के लिए कहा कोई अप्रिय घटना होने पर परिवार को इसका लाभ मिल सके। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व संकुल अर्चना सिंह द्वारा परीक्षा की तैयारी अभ्यास/प्रैक्टिस पर चर्चा की गई। इसके पश्चात संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भरा गया।विद्यालय का भौतिक परिवेश अत्यंत मनमोहक था व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह के द्वारा मीटिंग का सफल आयोजन किया गया तथा उनके द्वारा सभी को एक पौधा व होली की बधाई देकर सभा संपन्न की गई।

## रमजान की फजीलत: रहमत, मगफिरत और निजात का पाक महीना

**कुन्दरकी।** रमजानुल मुबारक के पाक महीने की फजीलत बयान करते हुए डॉ. सय्यद नासिर मियां ने कहा कि रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास करम फरमाता है और नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि रमजान में रोजा रखना सिर्फ भूखा-प्यासा रहना नहीं, बल्कि अपने नफ्स पर काबू पाकर गुनाहों से बचने का नाम है। डॉ. नासिर मियां ने कहा कि इस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, इसलिए तिलावत-ए-कुरआन और नमाज की खास अहमियत है। तरावीह की नमाज अदा कर मुसलमान अल्लाह की रजा हासिल करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमजान में गरीबों, बेसहारों और जरूरतमंदों की मदद करें, जकात व सदका देकर समाज में भाईचारा कायम रखें। उन्होंने कहा कि रमजान सब्र, इखलास और तकवा सिखाता है। इस पाक महीने में दुआएं कबूल होती हैं, इसलिए हर मुसलमान को इबादत में ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजारना चाहिए।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'रक्तदान शिविर' का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय एवं एकता सेवा समिति ट्रस्ट, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है तथा इस महादान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने एकता सेवा समिति ट्रस्ट के सभी सदस्यों की शिविर के आयोजन हेतु सराहना भी की। साथ ही उन्होंने रक्तदान कर चुके शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। वहीं कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान समाज सेवा में एक उत्कृष्ट योगदान है तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर में अपना बहुमूल्य



योगदान दे रहा है। फार्मेसी संकाय के डीन व प्रतिकुल. पति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि रक्त को हम केमिकली नहीं बना सकते, जबकि अस्वस्थ लोगों को स्वस्थ रखने के लिए रक्तदान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने सामा. जिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में रक्तदान शिविर के आयोजन की महत्ता बताई और सभी उपस्थितों का व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने की दृष्टि से रक्तदान के विषय में अपने विचार साझा किए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी की जान बचाने के लिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है व हम सभी को जन कल्याण हेतु अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि 18 वर्ष के ऊपर के युवा रक्तदान कर सकते हैं तथा इससे स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। डॉ. वर्मा ने जानकारी दी कि इस रक्तदान शिविर में कुल 36 शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर के दौरान एकता सेवा समिति के संस्थापक श्री अंचित अग्रवाल और अध्यक्षा श्रीमती दीपाली अग्रवाल ने विद्यार्थियों को रक्तदान के बारे में प्रेरित किया। वहीं साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने भी रक्तदान शिविर के बारे में विद्यार्थियों को प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की। स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंसेज के निद. ेशक डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में समन्वयक श्री त्रिभुवन कुमार वशिष्ठ, डॉ. मुनेश मणि, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. श्वेता वर्मा के साथ डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव एवं श्री मुन्ना सिंह की विशेष भूमिका रही।

# दुष्कर्म व बंधक बनाने का सनसनीखेज मामला पीड़िता ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती के तीन साल से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किए जाने और उसे अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बंधक बनाए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उसने मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित युवती (25) ने बताया कि मोहल्ले का रहने वाला एक युवक पिछले तीन वर्षों से उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहा था। उसने बताया कि 12 फरवरी की शाम करीब पांच बजे आरोपी ने उसे नशे की गोली खिला दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे नगर के ही एक अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित शौचालय में बंद कर दिया गया। पीड़िता के मुताबिक, अगले दिन जब सफाई कर्मचारी वहां पहुंची तो उसने युवती को बंद देखा। सफाई कर्मचारी ने किसी तरह उसे निकालकर उसके घर पहुंचाया। होश आने पर पीड़िता ने परिवार को आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने आरोपी के परिवार से शिकायत की। शिकायत से क्रोधित होकर 13 फरवरी की सुबह करीब नौ बजे युवक ने अपने भाईयो के साथ लाठी-डंडे लेकर पीड़िता के घर में घुस गया। आरोप है कि तीनों ने परिवार के साथ मारपीट की और गालियां दीं। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए तब कहीं जाकर परिवार की जान बची। पीड़िता ने बताया कि जब वह थाने पहुंची तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और जांच का झूठा आश्वासन देकर टाल दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अलावा पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद और महिला आयोग को भी शिकायत भेजी है। उसने आरोपियों के खिलाफ बलात्कार, अवैध अभिरक्षा, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## किसानों ने भारत विस्तार एआई ऐप के प्रक्षेपण करने के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को केंद्र पर देखा

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर भारत विस्तार एआई ऐप के लॉन्च कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को केंद्र पर दिखाया गया। इस एआई ऐप को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर में लॉन्च किया। भारत-विस्तार को किसान केंद्रित, एआई संचालित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित किया गया है। ये भारत विस्तार प्लेटफॉर्म अलग-अलग सरकारी और वैज्ञानिक स्रोतों को जोड़कर किसानों तक भरोसेमंद और अपडेटेड जानकारी पहुंचाने का काम करेगा जिससे किसानों को काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर कार्यक्रम को देखने आये कृषकों के खेती बाड़ी से जुड़ी समस्याओं का निदान भी किया गया। कार्यक्रम में आये किसानों का केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ रवींद्र कुमार द्वारा स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा किसानों को कृषि में एआई के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। केंद्र के पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के लाभ एवं फसलों में लगने वाली कीट व्यधि की प्राकृतिक तरीके से रोकथाम के बारे में जानकारी दी। डॉ शिव शंकर वर्मा ने ष्उद्यान के सम्बंध में तकनीकी जानकारी दी। केंद्र के सस्य वैज्ञानिक अविनाश चौहान द्वारा ष्मृदा परीक्षण के महत्व एवं नमूना लेने की विधि के सम्बंध में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रदीप, आदेश, यसराम शर्मा, धर्मपाल, अकील अहमद , पंकज,मुखलाल आदि लगभग 150 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आये कृषकों को सूक्ष्म जलपान भी दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार व दिनेश कुमार ने योगदान दिया।

# इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स और उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के सहयोग से स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम किया गया आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** व्यस्त जीवनशैली के बीच स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ चिकित्सकों ने मंगलवार को मुरादाबाद में "स्वास्थ्य पर चर्चा" कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य व्यापारिक समुदाय और नागरिकों में निवारक स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. प्रो. संजीव जसूजा, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. योगेश बत्रा,




इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राजपूत तथा गाइनकोलॉजी ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पाखी अग्रवाल ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप, किडनी रोग, फैटी लिवर, हृदय रोग और महिलाओं में कैंसर जैसी समस्याओं की समय पर जांच और उपचार पर जोर दिया।अस्पताल के प्रबंध निदेशक शिवकुमार पट्टाभिरमन ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता महानगरों से बाहर भी पहुंचनी चाहिए, ताकि बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह उपस्थित रहे।व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं, इसलिए नियमित जांच आवश्यक है। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल्स ने मंडल के सदस्यों को प्रिविलेज कार्ड भी प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ।

## त्योहारों को देखते हुए पेयजल आपूर्ति तीन पालियों में करने के आदेश

**ठाकुरद्वारा।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर पालिका परिषद ने शहरवा. सियों को राहत देने का फैसला किया है। पालिका अध्यक्ष मौ० इरफान के निर्देश पर अब शहर में बिजली रोस्टर के अनुसार पेयजल की आपूर्ति तीन पालियों में की जाएगी। नगर पालिका के जलकल सुपरवाइजर ने बताया कि पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह के आदेश पर यह व्यवस्था लागू की गई है। नए आदेश के तहत पानी की सप्लाई का समय इस प्रकार रहेगा।

प्रथम पाली प्रात: 4.20 बजे से 4.50 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 8.00 बजे से 8.45 बजे तक, तृतीय पालीरू दोपहर 1.00 बजे से 1.45 बजे पानी की आपूर्ति की जाएगी। अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन में पानी की अधिक मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बकाया वेतन व पीएफ भुगतान की मांग को लेकर सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन एवं पीएफ भुगतान न होने के मामले को लेकर जिलाधिकारी सम्भल को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नगरपालिका परिषद चन्दौसी में लगभग 150 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनकी आपूर्ति मुरली मनोहर गुप्ता निवासी रुदायन, जनपद बदायूं की फर्म द्वारा की गई है। संगठन के अनुसार 01 सितंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक कुल 16 माह की अवधि में कार्यरत 125 कर्मचारियों को केवल 13 माह का ही वेतन दिया गया, जबकि 03 माह का वेतन आज तक बकाया है।

संगठन ने बताया कि इस संबंध में कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 22 जुलाई 2025 को कोतवाली चन्दौसी में फर्म के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रार्थनापत्र दिया गया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी द्वारा फर्म स्वामी एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी से वार्ता के बाद फर्म ने बकाया तीन माह में से केवल एक माह का वेतन भुगतान किया और शेष दो माह का वेतन शीघ्र देने का आश्वासन दिया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को शेष भुगतान नहीं मिला है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''टर्निंग ड्रीम्स इंटू एक्शनेबल रोडमैप्स'' विषय पर हुआ सेमिनार का हुआ आयोजन

**मुरादादबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में ''टर्निंग ड्रीम्स इंटू एक्शनेबल रोडमैप्स'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता व विश्वविद्यालय से बी.टैक, ईसी-2014 बैच के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में नेशनल यांग मिंग चियाओ तुंग यूनिवर्सिटी (एनवाईसीयू), ताईवान एवं आईआईटी, दिल्ली के साथ ज्वाइंट पीएचडी डिग्री कर रहे स्कॉलर श्री अनंत जौहरी रहे। सेमिनार में श्री जौहरी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बताया कि कोर विषय ज्ञान, सकारात्मक आदतें, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास शिक्षा



और उद्योग में कॅरियर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि डीप लर्निंग और इमोशनल इंटेलिजेंस का प्रयोग विद्यार्थियों की क्षमता को बढ़ाकर उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद कर सकता है। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता व एलुमनस श्री जौहरी को भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, मुख्य वक्ता श्री जौहरी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की शिक्षिका डॉ. शालू ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। डॉ. कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग क्षेत्र में विभिन्न रोडमैप्स के महत्व से अवगत कराया। डॉ. कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के सपनों को व्यावहारिक योजनाओं में बदलने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार में व्यक्तित्व विकास, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और प्रोफेशनल व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई, जिससे छात्र शिक्षा और उद्योग दोनों क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धी बन सकें। डॉ. कुमार ने यह जानकारी भी दी कि श्री जौहरी का शोध गैलियम नाइट्राइड आधारित हाई इलेक्ट्रॉन मोबिलिटी ट्रांजिस्टर पर केंद्रित है, जिसका उपयोग अंतरिक्ष तकनीक और क्वांटम कंप्यूटिंग में किया जा रहा है। उन्होंने अपने शोध कार्य को प्रतिष्ठित जर्नल्स जैसे आईईईई जर्नल ऑफ द इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज सोसायटी और इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज टेक्नोलॉजी एंड मैन्युफैक्चरिंग कॉन्फ्रेंस (ईडीटीएम) में प्रकाशित किया है। इस सेमिनार में विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद डिवीजन में स्टेशनों की स्वच्छता की निगरानी के लिए स्वच्छता डैशबोर्ड का डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव हेतु ई-टेंडर website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 09.03.2026 को 15:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 529/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 304-DRM-MB-25-26 Dt. 16.02.2026 |
| कार्य का नाम | Misc. track maintenance work in connection to yard improvement in the section of ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 12.03.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 89,85,460.15 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,79,700.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.02.2026 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 17.02.2026 534/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 24.03.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 08 सन् 2026
**श्रीमती भगवती शुक्ला**
**बनाम जनता आम**

श्रीमती भगवती शुक्ला (उम्र करीब 51वर्ष) पत्नी स्व. श्री सुरेश चन्द्र शुक्ला निवासी गली नं0 02, निकट सांई पब्लिक स्कूल, अवंतिका कालोनी एमडीए, मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती भगवती शुक्ला हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती भगवती शुक्ला मुसबफा सुरेश चन्द्र शुक्ला अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.99,587/-हरगाह मुसम्मा श्रीमती भगवती शुक्ला ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 24 मास 03 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**उत्तर रेलवे**

**Tender Notice-01-Tele-SoftUpg-BLM-24-25 Date.16.02.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works:-

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01-Tele-SoftUpg-BLM-24-25<br>ABSS: Soft Upgradation of BLM Station.<br>ए बी एस एसः सॉफ्ट उपग्रेडेशन बी एल एम स्टेशन. | 11224670.27 | 206100.00 | Nil | 13.03.2026<br>15:00 |

Note :- Complete details of tender can be seen at **www.ireps.gov.in.** 531/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### खानकाह-ए-आलिया में 6 रोज में मुकम्मल होगा कुरआन

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला नूरूल्ला में स्थित खानकाह- ए-आलिया में रमजान मुबारक के पाक और मुकद्दस महीने में तरावीह की नमाज के दौरान महज छह रोज में कुुरआन-ए-करीम मुकम्मल कराया जाएगा। इस दौरान हाफिज मोहम्मद अहमद जिया तरावीह में कुुरआन-ए-पाक सुनाएंगे। खानकाह में ईशा की नमाज का भी नियमित आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सूफी ख्वाजा हाजी अल्लाह बख्श रहमतुल्लाह अलेह के सज्जादानशीन मोहम्मद हाशिम मियां चिश्ती साबरी ने दी। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में खानकाह में तरावीह का विशेष आयोजन होता है, जिसमें हर साल छह दिन में कुुरआन मुकम्मल किया जाता है। खानकाह के खिदमतगार आलम मियां ने बताया कि नमाजियों की सुविधा के लिए खानकाह परिसर में वुजू का पूरा इंतजाम रहेगा। वहीं नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित नूरानी मस्जिद में मोहम्मद हाफिज फैजान रमजान का चांद दिखते ही तरावीह के दौरान 14 रोजे में कुुरआन मुकम्मल कराएंगे। रमजान में दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में नमाजियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी हुई पूरी



**कुंदरकी।** 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा की तैयारी हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में पूरी हो चुकी है उक्त विद्यालय में हाई स्कूल के 10 विद्यालयों के 479 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं ,जबकि इंटर की बोर्ड परीक्षा में दो विद्यालयों के 166 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। केंद्र व्यवस्थापक श्री शाहनवाज हुसैन ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। उत्प्रेक्षा केंद्र पर बेसिक शिक्षा के 20 अध्यापक अध्यापक अध्यापिकाएं कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात किए गए हैं । अधिकतर बेसिक शिक्षा के अध्यापक बी एल ओ की ड्यूटी कर रहे हैं जिससे बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के रूप में कार्य करने में असमर्थ हैं।

### विद्यालय में दो द्विवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कुंदरकी।** एडवांस किसान पब्लिक स्कूल में कक्षा एन.सी. से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए द्विवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मोहम्मद हसन ने फीता काटकर हरि झंडी दिखाकर किया उन्होंने कहा खेल जीवन का अभिन्न अंग है



हमें शारीरिक चुस्ती फुर्ती के लिए बचपन से ही खेलों में रुचि लेनी चाहिए स्कूल प्रशासक आरिफ पाशा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है खेल एकता सुधारने का संदेश देते हैं प्रतियोगिता के पहले दिन रिले रेस, लेमन रेस, स्प्रिंट रेस आदि विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षकगण भी पूरे समय बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाते रहे। खेल मैदान तालियों और खुशी के नारों से गूंज उठा। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी। आज प्रारंभ हुए इन खेलों का समापन कल विभिन्न फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खेलकूद प्रतियोगिता का पहला दिन अत्यंत सफल और उत्साहपूर्ण रहा। खेलों में स्कूल के पीटीआई अरकान अली खान प्रधानाचार्य रियासतुल्लाह गाजिया नदीम अहमद शमी अहमद शहरीन खान की मुख्य भूमिका रही।

## रिजर्व पुलिस लाइन में पर्यावरण व जल संरक्षण संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

मुरादाबाद। नारी एवं बाल उत्थान समिति की ओर से मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पर्यावरण एवं जल संरक्षण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पर्यावरण गतिविधि के सह संयोजक राकेश जैन तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित नाटिकाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिनके माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम स्थल "धरती को रखना हरा-भरा" और "वृक्षों का रक्षण-पोषण पावन कर्तव्य हमारा" जैसे गीतों से गूंज उठा।मुख्य अतिथि राकेश जैन ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल स्रोतों को बचाने और पॉलीथिन के उपयोग को बंद करने का आह्वान किया। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने भी जल संरक्षण को भविष्य की पीढ़ियों के लिए अनिवार्य बताते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया।कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पाडला
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 17.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत पाडला में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 25.02.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (मनरेगा) नरेन्द्र के घर से लेखराज के घर की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, ईट, सरिया, सीसी टाईल्स आदि। | 953323/- | 19066 | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत पाडला में मॉडल शॉप निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, ईट, सरिया, सीसी टाईल्स आदि। | 833002/- | 16660 | 250/- | 3 माह |
| 3 | (ग्राम निधि) बृजेश के घर से मैन रोड की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, ईंट, सरिया, सीसी टाईल्स आदि। | 162545/- | 3251 | 250/- | 3 माह |
| 4 | कपिल के घर से अपिल के घर की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, ईट, सरिया, सीसी टाईल्स आदि। | 150000/- | 3000 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-पाडला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● 14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

## आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा



**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुक. ाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नाम. ीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

### पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आईं - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेग. ुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जो. विक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे



**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप

● आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच

ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुम. राह को सुपर 8 स्टेज के लिए फ्रेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर-2025 बनी मंधाना



● इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया। उन्होंने कहा कि यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी। मंधाना को एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिंग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते।

# सकारात्मक अंदाज में अपना अभियान समाप्त करना चाहता है इटली



**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी हार के बावजूद इटली अपने अभियान को सकारात्मक अंदाज में खत्म करना चाहता है। हार के बावजूद, इटली की टीम ने दुनिया की टॉप टी 20 टीमों में से एक, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने जुझारू प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया, जिससे पता चलता है कि वह अपने पहले वर्ल्ड कप में ग्लोबल स्टेज पर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसा इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार है। स्टैंड-इन कप्तान हैरी मैनेंटी ने टूर्नामेंट को टीम के लिए एक अनोखा अनुभव बताया। हार के बाद मैनेंटी ने कहा कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारी तैयारी से पहले लाइट्स में नहीं खेला है। वे बस जोफ्रा आर्चर और दूसरों का सामना लाइट्स में शायद 15,000 लोगों के सामने कर रहे थे। जब आप आराम से बैठकर इसकी तारीफ करते हैं, तो यह काफी प्रभावशाली बात होती है। उन्होंने कम समय में इटली की शानदार बढ़त पर जोर दिया। हम रोम से आए थे, जहां हम यूरोप के छोटे देशों के खिलाफ सिंथेटिक क्रिकेट खेलते थे। लेकिन हम वहां से 18 महीने के अंदर ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने तक पहुंच गए हैं। यह एक बहुत बड़ी चढ़ाई है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

पत्रांक-314/ई-निविदा/2025-26 दिनांक :-12.02.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कॉलम संख्या-8 में दर्शायी गयी श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | मुरादाबाद की तहसील बिलारी स्थित निरीक्षण भवन के जीर्णोद्धार का कार्य। | 13.09 | 1.31 | 766.00 | 02 माह | भवन श्रेणी A, B, C, D |

- बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.02.2026 से 26.02.2026 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 20.02.2026 को 12:00 बजे से दिनांक 26.026.2026 को 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी।
- निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 2020/879/तेईस-7-2020-176(सा0)/06, लोक निर्माण अनुभाग-7, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन-एल0सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

सहायक अभियन्ता-(प्रथम)
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(मोहित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
मो0नं0-8765973359
ई-मेल :- cd1pwdmbd@gmail.com

UPID-246442, DATE-17/02/2026
WEBSITE-www.up.gov.in



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद।
पता:-विकास भवन, कॉठ रोड, मुरादाबाद।

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक- 1463/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0.../अनु0स0/2025-26/ दिनांक 09.02.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी, डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय | जिलाधिकारी कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 01 में श्री भूप सिंह के मकान से बिजली घर तक एक साइड का नाली निर्माण कार्य। | 6.849 | 0.14 | 766.00 | 04 माह | टी0ए0-1, आशियाना फेज-1, एम0डी0ए0 कालोनी, कॉठ रोड, मुरादाबाद। | कलेक्ट्रेट मुरादाबाद |
| 2 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 01 मौहल्ला शाहपुर में श्री रामलीला मंच से रोहित चौधरी के मकान तक सी0सी0टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 3.27 | 0.07 | 677.00 | 04 माह | | तदैव |
| 3 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 01 मौहल्ला शाहपुर में डाबर से रोहित चौधरी के मकान तक सी0सी0 टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 7.81 | 0.16 | 766.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |
| 4 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 22 मौहल्ला कुन्दनपुर में श्री दयाराम के मकान से होते हुए दयावती के मकान तक एवं लक्की पण्डित के मकान तक सी0सी0टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 9.98 | 0.20 | 766.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |
| 5 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 53 मौहल्ला मानपुर नारायणपुर में श्री मंगली के मकान से श्री रामसिंह के मकान तक सी0सी0टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 5.21 | 0.11 | 766.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |
| 6 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 53 मौहल्ला सुर्यनगर में श्री श्यामसुन्दर के मकान से श्री अमर सिंह के मकान तक सी0सी0टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 5.90 | 0.12 | 766.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |
| 7 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 53 मौहल्ला जयन्तीपुर में मंजीद के मकान से श्री युसुफ के मकान तक सी0सीटाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 2.45 | 0.05 | 589.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |
| 8 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 01 मौहल्ला भीमाठेर में वीरांगना अवती बाई लोधी इण्टर कालेज से आर0एन0पाण्डे के मकान तक सी0सी0टाइल्स द्वारा सडक व नाली निर्माण कार्य। | 9.98 | 0.20 | 766.00 | 04 माह | तदैव | तदैव |

3. निविदा बिकी प्रारम्भ की तिथि, समय व स्थान:-21.02.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-मुरादाबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद पुर्वान्ह 10:00 बजे से।
4. निविदा बिकी के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान:-13.03.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-मुरादबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद अपरान्ह 04:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान:-16.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रम सं0 03 पर अंकित स्थानों पर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान:-16.03.2026 को दोपहर 03:00 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथपत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद में सम्पर्क करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-मुरादाबाद
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UPID-246374, DATE-17/02/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# टीएमयू मेडिकल छात्राओं ने क्रिकेट और टीटी में झटके दो गोल्ड मेडल

## इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग की टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में मैनेजमेंट कॉलेज ने मेडिकल को हराकर जीता एक गोल्ड मेडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप-2026 में मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने दो गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। महिला क्रिकेट के संग-संग टेबल टेनिस की चौंपियनशिप अपने नाम कर ली है, जबकि पुरुष वर्ग की टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में मैनेजमेंट कॉलेज ने स्वर्ण पदक झटक लिया है। मेडिकल कॉलेज बनाम सीसीएसआईटी के फाइनल मुकाबले में मेडिकल की वैष्णवी सचिन कटारिया ने सर्वाधिक 21 गेंदों में 36 रन बनाए जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल थे। मेडिकल की वैष्णवी सचिन कटारिया को वुमैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि टेबिल टेनिस में मेडिकल कॉलेज की सलोनी जैन ने नर्सिंग कॉलेज की श्रेया को 3-0 सेट से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फिजिकल एजुकेशन ने तीसरे स्थान के लिए फाइन आर्ट्स को 12 रनों से हराया। टेबिल टेनिस में तीसरे स्थान के लिए डेंटल कॉलेज की अनामला हसन ने फिजिकल एजुकेशन कॉलेज को 3-0 सेट से हराया। पुरुष वर्ग टेबल टेनिस का फाइनल मुकाबला मेडिकल और मैनेजमेंट कॉलेज के बीच हुआ। मैनेजमेंट कॉलेज के आरुष टंडन ने मेडिकल कॉलेज के दक्ष को 3-0 सेट से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मेडिकल कॉलेज के दक्ष रजत पदक विजेता रहे। एसोसिएट डीन पीएचडी सेल डॉ. ज्योति पुरी ने बतौर मुख्य अतिथि, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, फैकल्टी श्री तौहिद अख्तर, रिसर्च स्कॉलर श्री चन्द्रशेखर आदि ने विजेता और उपविजेताओं टीमों को मेडल देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में मेडिकल कॉलेज ने सीसीएसआईटी कॉलेज को 9 विकेट से मात देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मेडिकल और सीसीएसआईटी के बीच मुकाबले में मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीएसआईटी ने 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर 73 रन बनाए। सीसीएसआईटी की ओर से स्नेहा सिंह ने 25 गेंदों में 5 चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 41 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल कॉलेज के बल्लेबाजों ने 6.4 ओवरों में 01 विकेट के नुकसान पर ही मैच अपने नाम कर लिया। तीसरे स्थान के लिए फिजिकल एजुकेशन कॉलेज और फाइन आर्ट्स के बीच मुकाबला हुआ। फिजिकल एजुकेशन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर 63 रन बनाए। फाइन आर्ट्स की टीम 8 ओवरों में सिर्फ 52 रन ही बना सकी और फिजिकल एजुकेशन ने 12 रनों से मैच अपने नाम किया।

महिला वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के बीच हुआ। मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर सर्व को चुना। प्रथम सेट में मेडिकल की सलोनी जैन 11-5, दूसरे सेट में 11-9 और तीसरे सेट में 11-8 प्वाइंट्स आगे रहीं। नर्सिंग कॉलेज की श्रेया रजत पुरस्कार विजेता रहीं। कास्य पदक के लिए हुए डेंटल कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के मुकाबले में डेंटल कॉलेज ने टॉस जीतकर सर्व को चुना। प्रथम सेट में अनामला हसन 15-13, दूसरे सेट में 11-3 और तीसरे सेट में 8-11 आगे रहीं। प्रथम सेट में मैनेजमेंट के आरुष 11-7, दूसरे सेट में 11-9 और तीसरे सेट में 11-8 प्वाइंट्स से आगे रहे। फिजियोथेरेपी कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच कास्य पदक के लिए मुकाबला हुआ। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के लव यादव ने 3-0 सेट से मुकाबला जीतकर कास्य पदक अपने नाम किया। लव यादव पहले सेट में 15-13, दूसरे सेट में 11-7 और तीसरे सेट में 13-11 से आगे रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रहित इंडियन पार्टी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रहित इंडियन पार्टी (सेक्यूलर) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए विभिन्न सामाजिक एवं संवैधानिक मांगों को प्रमुखता से उठाया।

ज्ञापन जिला अध्यक्ष अशोक कुमार गिहार, जिला महासचिव वरुण कुमार, जिला उपाध्यक्ष देवकीनन्दन यादव और प्रदेश सचिव शिव कुमार के नेतृत्व में दिया गया।ज्ञापन में गिहार जाति को शासनादेश में सूचीबद्ध कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने, जोगी, बंजारा एवं लोहार जातियों को अनुसूचित जाति/जनजाति का दर्जा देने तथा फर्रुखाबाद जनपद की तहसील सदर में सपेरा व बैगा जाति के प्रमाण पत्र जारी न होने की समस्या का समाधान करने की मांग की गई। इसके अलावा अपमानजनक जातिसूचक शब्दों पर रोक लगाने, सर्वोच्च न्यायालय के 1 अगस्त 2024 के उपवर्गीकरण आदेश को उत्तर प्रदेश में लागू करने और भूमि कब्जा से संबंधित सख्त कानून बनाने की मांग रखी गई।

पार्टी ने एससी/एसटी की वंचित जातियों के लिए अलग बोर्ड गठन, अत्याचार की घटनाओं पर रोक, तथा 500 और 200 रुपये के नोट पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र लगाने की मांग भी की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर प्रदेश के सभी मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी

# अनियंत्रित होकर बाइक खाई में गिरी, बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिचौटा चौराहे से चन्दौसी मार्ग पर शाम 05:30 बजे चन्दौसी की ओर जा रही बाइक अन्यन्त्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।

पीछे बैठी किशोरी बाल बाल बची। बेरनी गांव निवासी गुड्डू पुत्र वीरपाल अपने ममेरे भाई शिवम निवासी बिसौली क्षेत्र के साथ अपनी बहन ममता को बिचौटा चौराहे पर निजी चिकित्सक के यहां दवा दिलवाने जा रहे थे।

तभी मोड़ पर बाइक का सन्तुलन बिगड़ गया और अन्यन्त्रित होकर बाइक खाई में जा गिरी जिसमें गुड्डू व शिवम घायल हो गए। पीछे बैठी ममता बाल बाल बच गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस से चन्दौसी सीएचसी भिजवाया।

# एडिशनल कमिश्नर ने तहसील आकर किया एसआईआर का निरीक्षण



**कांठ( शाह टाइम्स )** एडिशनल कमिश्नर के दोपहर में अचानक तहसील पहुंचते ही हड़कंप मच गया उन्होंने चल रहे एस आई आर कार्यक्रम का निरीक्षण किया और यहां का कार्य देखकर संतोष भी व्यक्त किया उन्होंने तहसीलदार नायव तहसीलदार आदि की अदालतों में चल रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जाना। इसके अलावा तहसील में एस आई आर को लेकर किसी प्रकार की भीड़ न होने पर भी उन्होंने आश्चर्य जताया बताया गया कि एस आई आर का कार्य तो अभी अगले महीने भी चलता रहेगा लेकिन जो नोटिस मतदाताओं को जारी किए गए थे उनकी सुनवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है। अब जो लोग निर्धारित तारीख पर नोटिस का जवाब देने नहीं आए हैं उनके लिए संबंधित अदालतों के दरवाजे अभी खुले हुए हैं वह किसी भी दिन आकर अपने नोटिस का जवाब दाखिल कर सकते हैं लेकिन विधिवत तौर से जितने नोटिस जारी हुए थे और जो नोटिस धारक तहसील पहुंचे उनका कार्य यहां पर संपूर्ण हो चुका है कुल मिलाकर अचानक पहुंचे एडिशनल कमिश्नर ने एसआईआर की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

# पत्नी की हत्या में पति को 13 वर्ष का कारावास

## मामले में एक महिला को पूर्व में सुनाई जा चुकी है सजा, पूर्व में सजा के समय फरार हो गया था पति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिसके साथ जीवनभर रहने की कसम खायी, उसी को मार डाला। आखिर अल्लाह कैसे माफ करता, पाप करोगे तो जहन्नुम में अवश्य जाओगे। महिला ने प्रेम विवाह कर पहले तो शौहर मानकर निकाहकर जिस आदमी को कबूल किया, उसी ने गला घोंटकर मार डाला। वह तो चली गयी लेकिन उसकी रुह बार-बार धिक्कार रही है कि मैंने तेरे साथ आजीवन रहने की कसम क्यों खायी... ? जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में पदासीन अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा मामले को बड़ी बारीकी से निरीक्षण कर उसकी जमीनी हकीकत, अपराध का कारण, या फिर गवाह फेक तो नहीं है, किस प्रकार का अपराध कारित किया गया है, यदि मामला झूठा है या रंजिशन फंसाया गया है, आदि के बारे में बड़ी गहनता से मामले की बारीकियों को देखा गया। यहीं कारण है कि उनके न्यायालय में अपराधी थर-थर कांपते हैं क्योंकि उनकी अदालत में तारीख नहीं अपितु पीडिघ्त को न्याय मिलता है। बता दें कि अ0सं0 253/2020 धारा 498ए, 304बी व दहेज प्रतिषेध अधिनियम में फरमान पुत्र फुरकान नि0 कायस्थान हसनपुर व महिला फिरदौस पत्नी मेंहदी हसन नि0 संभल को दोषी करार कर महिला फिरदौस को पूर्व सजा सुनाई गई थी। वहीं पति फरमान जो न्यायालय से दोष सिद्ध होते ही अचानक गायब हो गया था। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अभियुक्त फरमान को धारा 498ए, 304बी के अंतर्गत 13 वर्ष का कारावास व 10 हजार रु. का जुर्माना लगाया। बता दें कि 12 फरवरी को निर्णय उद्घोषित करते समय अभियुक्त फरमान न्यायालय से फरार हो गया था और उसके विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी किये। जब पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त द्वारा 16 फरवरी को न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। वहीं विवाहिता के परिजनों को फंसाने के लिए अभियुक्तों की ओर से झूठी तहरीर भी दी गई लेकिन पुलिस जांच में मामला और ही निकला। न्यायालय द्वारा दंड के समय पर टिप्पणी की गई कि विवाहिता द्वारा अपने माता-पिता से विद्रोह कर शादी की गई परंतु उसी शौहर द्वारा न केवल दहेज की मांग की गई अपितु दहेज की मांग पूर्ण न होने पर गला घोटकर हत्या कर दी गई। अभियुक्त द्वारा विवाहिता के माता-पिता को झूठा फंसाने का प्रयास किया गया। विद्वान न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने ऐसे शातिर अपराधी के प्रति न्यायालय द्वारा सहानुभूति प्रकट करने का कोई औचित्य नहीं बनता। यदि न्यायालय द्वारा अभियुक्त के प्रति नरमी बरती गई तो न केवल समाज में गलत संदेश जायेगा बल्कि न्याय एवं न्याय व्यवस्था का मजाक व उपहास होगा। मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी द्वारा जोरदार पैरवी की गयी। वहीं कोर्ट मोहर्रिर रामकुमार सिंह व पैरोकार सुमित चौधरी का सहयोग रहा।



## कॉलेज में खेल मैदान, हॉस्टल व शैक्षिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को दशम् मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में आए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एस.एम. कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य ने यह भी बताया कि महाविद्यालय में प्रोफेसरों की कमी की समस्या रही है, लेकिन शीघ्र ही नए प्राध्यापकों की नियुक्ति की संभावना है, जिससे विशेष रूप से स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर का वातावरण शांत, अनुशासित एवं शैक्षणिक गतिविधियों के अनुकूल बनाया जाएगा। साथ ही नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली को पूर्व की भांति सख्ती से लागू रखा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से महाविद्यालय को बेहतर शैक्षिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

# सोहम शिव मंदिर में धूमधाम से की गई शिवजी की मूर्ति स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में मंगलवार को मुरादाबाद आगरा हाईवे पर डाक बंगले के निकट मुड़िया राजा गांव में स्थित सोहम शिव मंदिर में शिवजी की मूर्ति स्थापना भक्ति भाव के साथ की गई। इससे पहले श्रद्धालुओं ने शिवजी की मूर्ति को अन्न, जल, फल, और शैया पर वास कराने के उपरांत मंगल स्नान कराया, नए वस्त्र धारण कराए और सिंहासन पर आरूढ़ कर बैंड बाजा और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जो मंदिर पर पहुंच कर रुकी। वहां श्री महंत हेमानंद जी की अध्यक्षता में पंडित गणेश प्रसाद नैनवाल और केशवानंद सती ने मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की स्थापना कराई। मुख्य यजमान के रूप में उदयवीर यादव सुदेश यादव रहे। कार्यक्रम में गौरव यादव, संजय यादव, सिपाही सिंह यादव, अनीता यादव, सुनीता यादव, सुरेंद्र चौहान, रोहित कुमार, सचिन अग्रवाल, मस्तराम, राजेश, प्रवेश प्रजापति आदि शामिल रहे। प्रतिष्ठा के उपरांत आरती हुई और शिवजी से क्षेत्र में सुख शांति के लिए प्रार्थना की गई इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

# एसएम कॉलेज में मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज में मण्डल स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जबकि समापन मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बुद्धप्रिय सिंह द्वारा किया गया। बालिका वर्ग के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 100 मीटर दौड़ में निक्की (बिजनौर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200, 400 एवं 600 मीटर दौड़ में पलक (बिजनौर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। हॉकी में मुरादाबाद, वॉलीबॉल में अमरोहा, क्रिकेट में रामपुर तथा योगा में उझारी कलॉं (बिजनौर) की टीम प्रथम रही। अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में मुरादाबाद ने बाजी मारी।

प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 50 मीटर दौड़ में शगुन (बिजनौर), 100 मीटर दौड़ में नीतू (सम्भल) एवं आलिया खान (रामपुर), जबकि 200 एवं 400 मीटर दौड़ में कशिश (मुरादाबाद) प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी एवं शतरंज में बिजनौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के उच्च प्राथमिक स्तर पर 200, 400 एवं 600 मीटर दौड़ में अर्जुन (रामपुर) तथा 100 मीटर दौड़ में मो. समीर (रामपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में अंशुल (अमरोहा), वॉलीबॉल में बिजनौर, हॉकी में मुरादाबाद तथा टेबल टेनिस एकल में मो. उवैस (मुरादाबाद) विजेता रहे, जबकि योगा में बिजनौर प्रथम रहा। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में अनमोल (अमरोहा), 100 मीटर दौड़ में दक्ष (बिजनौर) तथा 200 एवं 400 मीटर दौड़ में कार्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जनपद सम्भल के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक शैलजा मिश्रा एवं दीनदयाल शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, जिला स्काउट मास्टर प्रफुल्ल कुमार, डॉ. गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार, अशोक पाठक, संदीप कुमार, अंकित कुमार, मुकेश कुमार, सुनील, अनुज कुमार, अमित शर्मा, अमित कुमार, राजीव कुमार, संजीव कुमार एवं अंकित शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापिका दुर्गा टंडन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडिघ्यों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## एक नजर



### बिश्नोई समाज ने भूड़ मंदिर के वार्षिक उत्सव पर हवन में आहुति देकर की देश और समाज की खुशहाली की कामना, लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**कांठ( शाह टाइम्स )** बिश्नोई समाज के प्रसिद्ध स्थान पर आज 79 में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें आए बडी संख्या में लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर देश और समाज की खुशहाली के लिए ईश्वर से कामना की। बतादे की भूड़ मंदिर स्वामी चंद्र प्रकाश जी की तपोभूमि पर स्थित है यहां पर हर साल वार्षिक उत्सव का आयोजन फागुन मास की अमावस्या पर किया जाता है।

आज भी संपूर्ण भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने जंभेश्वर भगवान को नमन करते हुए हवन में आहुति दी और जीवों पर दया करने एवं पर्यावरण की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। करीब 44 बीघा में बने इस विशाल जंभेश्वर आश्रम में स्वामी चंद्र प्रकाश जी ने 8 दशक पूर्व यहां आकर तपस्या की थी उनके तप करने से यह स्थान प्रसिद्ध हुआ इस स्थान पर स्वामी जी के दर्शन व अपनी समस्याओं को लेकर क्षेत्र के काफी लोग आने लगे उनके आशीर्वाद से मंदिर के पास बनी पोखर में स्नान करने से लोगों के अनेक रोग भी दूर होने लगे। कुछ समय में यह स्थान आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बन गया। अन्य साधु संतों ने भी यहां आकर तप किया आज वार्षिक उत्सव पर हवन का आयोजन स्वामी प्रवणानंद महाराज हरिद्वार, ऋषिदानंद महाराज आदि संतों की मौजूदगी में संपन्न हुआ इस अवसर पर कुँवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई मास्टर चंद्र प्रकाश सिंह राजन बिश्नोई श्री ओम विश्नोई आदि बड़ी संख्या में महिला बुजुर्ग और बच्चे मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी तैनात रही

### जिला कारागार के पांच बंदी देंगे यूपी बोर्ड हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा




**मुरादाबाद।** जिला कारागार मुरादाबाद में इस वर्ष बंदी सिर्फ सजा नहीं काट रहे, बल्कि अपने भविष्य को संवारने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं। जेल प्रशासन की पहल पर पांच बंदी इस बार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इनमें एक बंदी हाईस्कूल और चार बंदी इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर मार्च तक चलेंगी और इन परीक्षार्थियों की परीक्षा बरेली सेंट्रल जेल में कराई जाएगी।

इसके लिए न्यायालय व उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी गई है।जेल अधीक्षक आलोक सिंह के अनुसार, शिक्षा को पुनर्वास का सशक्त माध्यम बनाया गया है। पढ़ाई के इच्छुक बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षा विभाग के सहयोग से पुरुष व महिला अध्यापक नियमित कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। निरक्षर बंदियों को 'ईच वन टीच वन' कार्यक्रम के तहत शिक्षित किया जा रहा है, जिसमें उच्च शिक्षित बंदी अन्य कैदियों को पढ़ाते हैं। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट के तहत कंप्यूटर शिक्षा के चार बैच संचालित हैं। मोटर वाइंडिंग समेत अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं, ताकि रिहाई के बाद बंदी आत्मनिर्भर बन सकें। यह पहल सुधारात्मक न्याय व्यवस्था की सकारात्मक मिसाल बन रही है।

### मानक के विपरीत चल रहे ईंट भट्ठे को पानी छिड़क कर कराया शांत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मानक के विपरीत चल रहे ईंट भट्ठे को आज तहसील प्रशासन ने पानी छिड़कवा कर शांत करा दिया। बताया गया कि सिकंदराबाद के पास एक ईंट भट्टा संचालित था जो की मानक के अनुसार नहीं चलाया जा रहा था इसकी शिकायत मिलने पर आज तहसीलदार पुलिस को साथ लेकर भट्ठे पर पहुंच गए और फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी छिड़कवाकर भट्ठे की आग को शांत करा दिया।

बतादे की बिना मानक पूरे किए भट्टो का संचालन होना आम बात हो चुकी है। और भट्टा स्वामी इस काम को अंजाम देते रहे हैं। लेकिन प्रशासन ने भी अब ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है जिसकी बानगी आज देखने को मिली है।

### आर्य समाज, मंडी बांस का 147वां वार्षिकोत्सव व ऋषि बोधोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** आर्य समाज, मंडी बांस के 147वें वार्षिकोत्सव एवं ऋषि बोधोत्सव का मंगलवार को भक्तिमय एवं वैदिक वातावरण में भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देवयज्ञ से किया गया, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री ने ब्रह्मा के रूप में वेदमंत्रों की प्रभावपूर्ण व्याख्या की।

कार्यक्रम का संचालन मंत्री एवं योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने किया। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल (सीए) ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभावना को सशक्त करते हैं। अध्यक्षता उमेश चंद्र आर्य ने की। समारोह में अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही और अंत में सभी ने समाजोत्थान के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 18 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# रमजान मुबारकः इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ़्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

**नसीम राना**

# सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरूपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# एचबीए 1 सी टेस्ट पर नया अध्ययनः डायबिटीज की चुनौतियां

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13।5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले



विनीत नारायण

व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।


# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशाट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेंगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ( बीएनपी ) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बंगलादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवेन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बंगलादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बंगलादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बंगलादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उढयन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे

■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमेरिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमेरिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की याद दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने इंपोर्ट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।



■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है

## किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू ऐश के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ऐ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदर्स्य केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108